CMYK




दैनिक

# जयपुर टाइम्स

जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, चुरू, नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

नई सोच नई रफ्तार


jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 55 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 19 मार्च, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2




# वैश्विक ताकत बनकर उभर रहा भारत : बागडे

## राज्यपाल ने चूरू में जिला स्तरीय अधिकारियों से किया संवाद



जयपुर टाइम्स

चूरू(निस)। राजस्थान राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे मंगलवार को चूरू आए। चूरू पहुंचने पर विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा व पुलिस अधीक्षक जय यादव ने राज्यपाल का स्वागत व अभिनंदन किया। पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी। विधायक हरलाल सहारण ने राज्यपाल को पंच गौरव से जुड़े उत्पाद और जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा व एसपी जय यादव ने चंदन कलाकृति स्मृति-चिन्ह के रूप में भेंट की। राज्यपाल बागडे ने कहा कि भारत वैश्विक ताकत बनकर उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है और देश सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की धरती है। यहां के शूरवीरों ने अपने सर्वोच्च बलिदान से मातृभमि की रक्षा की है। हम सभी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के संकल्प में सहयोग दें और हमारी पीढ़ी को बौद्धिक रूप से मजबूत करें। हम बौद्धिक रूप से सुदृढ़ होंगे तो देश खुशहाल होगा।

### भावी पीढ़ी को बौद्धिक रूप से करें सुदृढ़

राज्यपाल बागडे ने जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर समुचित दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान राज्यपाल बागडे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का बेहतरीन क्रियान्वयन करें और भावी पीढ़ी को बौद्धिक रूप से सुदृढ़ करें। बच्चे बौद्धिक रूप से सक्षम होंगे सकारात्मक बदलाव हमारे सामने आएंगे। इस दिशा में शिक्षा नीति के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दें और शैक्षिक सुदृढ़ीकरण के लिए संकल्पित रहें। उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान के दौरान बड़ी संख्या में पौधे लगाए तथा घने जंगल के रूप में विकसित करें। पारिस्थितिकी व पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में अधिकाधिक पौधारोपण करें और प्रयास करें कि छायादार पौधे लगाएं। इसी के साथ राज्यवृक्ष खेजड़ी का संरक्षण, संवर्द्धन करें। बागडे ने कहा कि जिले में औद्योगिक विकास को गति मिले और अधिकाधिक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएं। यहां की क्षेत्रीय विशेषताओं को बढ़ावा दें ताकि रोजगार के बेहतरीन अवसर सृजित हों।

### विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश:

इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यक्रमों व योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना में किसानों व आमजन को प्रेरित करें। पीएम कुसुम योजना में किसानों को प्रेरित करते हुए खेतों में अधिकतम सौर उर्जा संयत्र स्थापित किए जाएं ताकि काश्त में काश्तकारों को संबल मिल सके। किसानों को उनकी फसल को खरीद केन्द्रों पर विक्रय करने के लिए प्रेरित करें और कृषि, विपणन, उद्यानिकी व बैंकों आदि की विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक करें। जेजेएम में सभी गांवों में पेयजल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें और पेंडिंग कनेक्शन पूरे करें। राज्यपाल ने राजीविका महिलाओं को विभिन्न ऋण योजनाओं में लाभान्वित करें और प्रयास करें कि योजना में ऋण योजना में लाभ का बेहतरीन यूटीलाइजेशन हो। महानरेगा योजना अंतर्गत सुदूर गांवों- ढाणियों में सड़कों की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें। इसी के साथ महानरेगा में श्मशान व जोहड़ विकास कार्यों पर फोकस करें। वाटरशेड कार्यों में वर्षा जल संरक्षण करते हुए भूजल स्तर बढ़ाने के लिए प्रयास करें।

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले में विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत करवाते हुए दिशा-निर्देशों की पालना करवाने व बेहतरीन क्रियान्विति के लिए आश्वस्त किया। जिला स्तरीय अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों व प्रगति की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक जय यादव, एडीसी प्रवीण नायक नूनावत, एडीएम अर्पिता सोनी, सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, सीईओ श्वेता कोचर, डीएफओ वीरेन्द्र सिंह कृष्णिया, एएसपी सतपाल सिंह, एएसपी कृष्णा सामरिया, एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आमजन से हुए रूबरू

इस अवसर पर राज्यपाल बागडे जिला मुख्यालय पर सर्किट हाउस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आमजन से रूबरू हुए। इस मौके पर विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, पूर्व मंत्रा खेमाराम मेघवाल, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, चूरू प्रधान दीपचंद राहड़, सुजानगढ़ प्रधान मनभरी देवी, ओम सारस्वत, दौलत तवंर, फतेहचन्द सोती, अभिषेक चोटिया, रवि आर्य, अनुराग शर्मा, भास्कर शर्मा, नरेन्द्र सैनी, नरेन्द्र काछवाल, विक्रम कोटवाद, सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, रवि दाधीच, नीरज जांगिड़, विमला गढ़वाल, नारायण बेनीवाल, सुनील भाउवाला, श्रीराम पीपलवा, प्रमोद भाटी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आमजन ने राज्यपाल का अभिनंदन किया।

# महाकुंभ के रूप में विश्व ने किए भारत के विराट स्वरूप के दर्शन : मोदी

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी.)।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में महाकुंभ के आयोजन पर बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने इस दौरान इस आयोजन में योगदान देने वालों का धन्यवाद किया।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं इस सदन के माध्यम से देशवासियों को नमन करता हूं जिनकी वजह से महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ है। महाकुंभ की सफलता में अनेक लोगों का योगदान है.. मैं सभी कर्मयोगियों का अभिनंदन करता हूं। मैं देश भर के श्रद्धालुओं, उत्तर प्रदेश व विशेष रूप से प्रयागराज की जनता का धन्यवाद करता हूं। मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने हम सभी को यह अहसास कराया



कि देश अगले 1000 वर्षों के लिए कैसे तैयार हो रहा है। इस वर्ष महाकुंभ ने हमारी सोच को और मजबूत किया है और देश की सामूहिक चेतना हमें देश के सामर्थ्य के बारे में बताती है। पीएम ने कहा कि मानव जीवन के इतिहास में ऐसे कई मोड़ आते हैं, जो पीढ़ियों को दिशा देते हैं। पीएम मोदी ने महाकुंभ पर बोलते हुए कहा कि आयोजन के दौरान लोग सुविधा-असुविधा की चिंता छोड़कर इसमें शामिल हुए। पीएम ने कहा कि पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे संस्कारों के आगे बढ़ने का क्रम जारी है। आज भारत का युवा अपनी परंपरा अपनी आस्था और परंपरा को गर्व के साथ अपना बना रहा है। एक देश के रूप में हम बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने का भरोसा बढ़ा। अपने विरासत से जुड़ने की परंपरा आज के भारत की सबसे बड़ी पूंजी है। पीएम मोदी ने कहा कि युवा पीढ़ी भी पूरे भाव से महाकुंभ से जुड़ी। महाकुंभ पर सवाल उठाने वालों को जवाब मिला है। देश के कोने-कोने में आध्यात्मिक चेतना उभरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ को भारत के इतिहास में अहम मोड़ करार देते हुए मंगलवार को लोकसभा में कहा कि दुनिया ने देश के विराट स्वरूप को देखा और यह 'सबका प्रयास' का साक्षात स्वरूप था। उन्होंने निचले सदन में प्रयागराज महाकुंभ को लेकर दिए एक वक्तव्य में यह भी कहा कि महाकुंभ से 'एकता का अमृत' और कई अन्य अमृत निकले हैं। उनका कहना है कि मैं देश के श्रद्धालुओं, उत्तर प्रदेश की जनता और विशेषकर प्रयागराज की जनता का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से गंगा को लाने के लिए भगीरथ प्रयास हुआ था उसी तरह का महाप्रयास महाकुंभ में दिखाई दिया। प्रधानमंत्री का कहना था, ''मैंने लाल किले से 'सबका प्रयास' पर जोर दिया था। पूरे विश्व ने महाकुंभ के माध्यम से भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए। 'सबका प्रयास' का यही साक्षात स्वरूप है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में हमने अपनी राष्ट्रीय चेतना के जागरण के विराट दर्शन किए हैं। यह हमें नए संकल्पों की सिद्धि के लिए प्रेरित करती है। मोदी ने कहा कि ''महाकुंभ ने उन शंकाओं और आशंकाओं को उचित जवाब दिया है जो हमारे सामर्थ्य को लेकर कुछ लोगों के मन में रहती हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ से अनेक अमृत निकले हैं और एकता का अमृत इसका बहुत पवित्र प्रसाद है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ ऐसा आयोजन रहा जिसमें देश के हर क्षेत्र से, हर कोने से आए लोग एक हो गए और 'अहम्' त्याग कर 'वयम्' के भाव से प्रयागराज में जुटे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''देश के इतिहास में कई ऐसे पल आए हैं जिन्होंने देश को नई दिशा दी और देश को झकझोर कर जागृत कर दिया।'

### विवेकानंद, गांधी और सुभाष को भी किया याद:

मोदी ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो सर्वधर्म सम्मेलन में दिए गए भाषण, गांधीजी के 'दांडी मार्च' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'दिल्ली चलो' का नारा देने जैसे ऐतिहासिक अवसरों का उल्लेख करते हुए कहा कि' मैं प्रयागराज महाकुंभ को भी ऐसे ही एक अहम पड़ाव के रूप में देखता हूं जिसमें जागृत होते भारत का प्रतिबिंब दिखा।'

### पीएम ने मॉरीशस यात्रा का भी किया जिक्र:

उन्होंने अपनी हालिया मॉरीशस यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि ''मैं पिछले सप्ताह त्रिवेणी का पवित्र जल मॉरीशस लेकर गया था, जब उस जल को वहां के गंगा तालाब में प्रवाहित किया गया तो वहां बहुत ही उत्साह और आस्था का माहौल था। प्रधानमंत्री ने लोकसभा में कहा कि महाकुंभ से प्रेरणा लेते हुए हमें नदी उत्सव की परंपरा को नया विस्तार देना होगा, हमें इस बारे में जरूर सोचना चाहिए जिससे वर्तमान पीढ़ी को पानी का महत्व समझ में आएगा और नदियों की साफ-सफाई के साथ-साथ नदियों की रक्षा भी होगी।

उन्होंने कहा कि भारत की नई पीढ़ी महाकुंभ से जुड़ी और यह युवा पीढ़ी आज गर्व के साथ अपनी आस्था और परंपराओं को अपना रही है।

## न्यूज इनबॉक्स

### दिल्ली देश का सबसे प्रदूषित महानगर

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली। दिल्ली ने एक बार फिर देश के सबसे प्रदूषित महानगर का खिताब अपने नाम किया है। 2024-25 की सर्दियों (1 अक्तूबर से 31 जनवरी) के दौरान दिल्ली में पीएम 2.5 का औसत स्तर 175 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया। यह आंकड़ा अन्य सभी महानगरों की तुलना में काफी अधिक है। हालांकि, एक अच्छी खबर यह है कि पिछले साल की सर्दियों की तुलना में दिल्ली की हवा थोड़ी बेहतर रही। बता दें कि, 2023-24 की सर्दियों में यह स्तर 189 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था।

#### कोलकाता देश का दूसरा सबसे प्रदूषित महानगर

राजधानी दिल्ली के बाद पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता देश का दूसरा सबसे प्रदूषित महानगर रहा, जहां 2024-25 की सर्दियों के दौरान पीएम 2.5 का औसत स्तर 65 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया। हालांकि, यह स्तर दिल्ली की तुलना में काफी कम रहा है।

### भारत-न्यूजीलैंड के बीच दो माह में एफटीए पर होंगे हस्ताक्षर!

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन की सोमवार को हुई मुलाकात से पहले दोनों देशों ने करीब 10 साल बाद प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर फिर से बात शुरू करने की घोषणा की। भारत यात्रा पर आए लक्सन ने मंगलवार को उद्योग निकाय फिक्की के कार्यक्रम में कहा कि आइए इस रिश्ते को आगे बढ़ाएं। उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ मैं 60 दिन के भीतर इस समझौते पर हस्ताक्षर कर रहा होऊंगा। हालांकि, व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि वार्ता के दौरान सेब, कीवी, डेयरी और वाइन जैसे कृषि उत्पादों पर शुल्क रियायतें देने के मुद्दे पर कुछ कठिनाई आ सकती है। वहीं, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अगले 10 वर्षों में दोनों देश मिलकर कारोबार में 10 गुना वृद्धि हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर दोनों देश पूरक



अर्थव्यवस्थाओं की भावना से काम करेंगे, तो शायद ही किसी बिंदु पर एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ेगी।

लक्सन पांच दिवसीय भारत यात्रा पर हैं और अपनी यात्रा के अंतिम चरण में वह बुधवार को दो दिन के मुंबई दौरे पर रहेंगे। उन्होंने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इंडिया गेट के पास खिंचवाई गई तस्वीरें साझा की। उन्होंने दिल्ली स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर जाने की भी जानकारी दी और लिखा, हिंदू समुदाय ने हमारे देश के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया है।

### मरूधरा में दो दिन बारिश की संभावना

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। राजस्थान में एक बार फिर मौसम बदलाव के संकेत दे रहा है। हरियाणा और उत्तर-पूर्वी उत्तर प्रदेश के आसपास सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के कुछ हिस्सों में 19 और 20 मार्च को हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 19 मार्च को बीकानेर संभाग और 20 मार्च को भरतपुर व जयपुर संभाग के कुछ शहरों में बूंदाबांदी के आसार हैं। इस दौरान राज्य के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। राजधानी जयपुर में अगले एक सप्ताह के दौरान तापमान में लगभग 5 डिग्री सेल्सियस तक का इजाफा होने का



# राजनाथ ने नीदरलैंड को किया आगाह, पाकिस्तान को न दे हथियार

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी.)।। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को नीदरलैंड के रक्षा मंत्री रूबेन बर्केलमैन्स से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने आने वाले दिनों में भारत और नीदरलैंड के बीच द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राजनाथ सिंह ने नीदरलैंड के रक्षा मंत्री ने कहा कि वह आतंक को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान को हथियार और तकनीक मुहैया न कराए। बैठक के दौरान मौजूद लोगों ने बताया कि राजनाथ सिंह ने रूबेन बर्केलमैन्स से कहा कि भारत कई साल से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से जूझ रहा है। इसलिए नीदरलैंड पाकिस्तानी सेना को हथियार, उन्नत प्रणालियां न दे और न ही कोई तकनीकी साझा करे। पाकिस्तान को हथियार देना क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक है। भारत के मित्र देशों को आतंक के प्रायोजकों का समर्थन नहीं करना चाहिए। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नई दिल्ली में नीदरलैंड के युवा और गतिशील रक्षा मंत्री रूबेन बर्केलमैन्स से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने भारत-नीदरलैंड रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की। हम अपनी रक्षा साझेदारी को और गहरा और उन्नत करने के लिए तत्पर हैं। हमने रक्षा, साइबर सुरक्षा, इंडो-पैसिफिक और एआई जैसी उभरती हुई तकनीकों पर व्यापक चर्चा की। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने जहाज निर्माण, उपकरण और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर बात की। उन्होंने संबंधित रक्षा प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थानों और संगठनों को जोड़ने के अलावा एआई और संबंधित प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर भी चर्चा की।

# अब मतदाता पहचान पत्र भी होगा आधार कार्ड से लिंक

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी.)। अब मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक किया जाएगा। मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और केंद्रीय गृह सचिव की बैठक में यह फैसला लिया गया। मतदाता पहचान पत्र के आधार कार्ड से जुड़ जाने से न सिर्फ फर्जी मतदाताओं की पहचान होगी, बल्कि भविष्य में फर्जी मतदान पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने निर्वाचन सदन नई दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव, विधायी विभाग के सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव और यूआईडीएआई के सीईओ तथा चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ बैठक की। करीब तीन घंटे तक चली बैठक में निर्णय लिया गया कि मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने का काम संविधान के अनुच्छेद 326 के प्रावधानों के अनुसार ही किया जाएगा। सके लिए आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय के पुराने निर्णयों का भी हवाला दिया है। कहा गया कि इस संबंध में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और चुनाव आयोग जल्द ही तकनीकी विशेषज्ञों से परामर्श करेगा। आयोग ने मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने पर सहमति देने के फैसले के बारे में कहा कि इसे संविधान सम्मत तरीके से पूरा किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सिविल संख्या 77/2023 में अपनी भावना व्यक्त की थी। संविधान के अनुच्छेद 326 के अंतर्गत जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 950 की धारा 23(4), 23(5) और 23(6) के प्रावधानों में भी ऐसी ही मंशा व्यक्त की गई है।

### अप्रैल तक मांगे सुझाव

इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए चुनाव आयोग 31 मार्च से पहले निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों और मुख्य चुनाव अधिकारियों की बैठक बुलाएगा। आयोग इस संदर्भ में पहले ही सभी राष्ट्रीय और राज्य मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों से इसी साल 30 अप्रैल तक सुझाव मांगे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के रुख पर होगी नजर

सुप्रीम कोर्ट इस प्रोसेस पर पहले भी रोक लगा चुका है। दरअसल वोटर आईडी कार्ड को आधार से जोड़ने का आयोग पहले भी प्रयास कर चुका है। तब आयोग ने मार्च 2015 से अगस्त 2015 तक राष्ट्रीय मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्यक्रम के तहत 30 करोड़ वोटर कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ा था। इस प्रक्रिया के कारण आंध्रप्रदेश और तेलंगान के 55 लाख लोगों के नाम छंटने के बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और तब सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी।

### अभी स्वैच्छिक रूप से जोड़ सकते हैं आधार

संविधान में भी वोटर आईडी को आधार से जोड़ने का प्रावधान है। बताया जाता है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23, जिसे चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 कहा जाता के मुताबिक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी मौजूदा या भावी मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर पहचान स्थापित करने के लिए आधार संख्या प्रदान करने की मांग कर सकते हैं।



CMYK

# भंडारे में प्रसाद हेतु प्लास्टिक डिस्पोजल उत्पाद का उपयोग रहेगा प्रतिबंधित’

## करणी माता मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में हुई बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

### मेले का होगा 30 मार्च से 6 अप्रेल तक आयोजन

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर की अध्यक्षता में मंगलवार को आगामी 30 मार्च से 6 अप्रेल तक आयोजित होने वाले बाला किला स्थित करणी माता के मेले की व्यवस्थाओं की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मेले के सफल आयोजन हेतु आपसी समन्वय रखते हुए सौंपे गये दायित्वों को यथासमय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि मेले में श्रृद्धालुओं के प्रवेश का समय प्रातः 6 बजे से सांय 7 बजे तक रहेगा। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वन नाका से मन्दिर तक के रास्ते में निर्मित नई सडक पर श्रृद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जहां आवश्यक हो वहां स्पीड ब्रेकर संकेतक आदि लगाए जाएं। उन्होंने नगर निगम के अधिकारी को निर्देश दिये कि मेले में नियमित रूप से साफ-सफाई कराने के साथ कचरे का उठाव करावे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में आवश्यकतानुसार पेयजल की व्यवस्था करावे एवं



निर्धारित जगहों पर मोबाइल टॉयलेट लगवाएं। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि मेले में वृद्ध, असहाय एवं दिव्यांग लोगों को लाने व ले जाने के लिए एक अलवर वाहिनी की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिये कि भण्डारे करने की अनुमति देते समय आयोजनकर्ता को पर्याप्त संख्या में भण्डारा स्थल पर कचरा पात्र रखने के लिए पाबन्द करें एवं कचरे का निस्तारण विधिवत रूप में करें। सुनिश्चित करावे कि कचरा वन क्षेत्र में नहीं फेंके तथा भंडारे में प्रसाद हेतु प्लास्टिक डिस्पोजल उत्पाद का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। पेड के पत्तों से बने पत्तल, दूने एवं मिट्टी के कुल्हडों का प्रयोग करे। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में डी.जे. व लाउडस्पीकर पर प्रतिबंधित रहेगा। इसकी पालना सुनिश्चित करावे। उन्होंने कहा कि प्रसाद की दुकानों का स्थान इस प्रकार निर्धारित करें कि श्रद्धालुओं को आने-जाने में असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि मेला स्थल एवं बाला किला क्षेत्र में पॉलिथिन की थैलियॉ व प्लास्टिक डिस्पोजेबल उत्पाद ले जाने व उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि मेला स्थल पर आमजन को चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु चिकित्सा दलों का गठन कर आवश्यकतानुसार चिकित्सक एवं पैरा मैडिकल स्टाफ लगाएं।

उन्होंने नगर विकास न्यास के अधीक्षण अभियन्ता को मेला स्थल पर रोशनी, सीसीटीवी कैमरे इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मंदिर तक जाने वाले रास्ते पर श्रृद्धालुओं के अल्पकालीन विश्राम हेतु छाया एवं पानी की व्यवस्था कराए। उन्होंने कहा कि मेले में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस बल व महिला पुलिस की पुख्ता व्यवस्था की जायें। उन्होंने कहा कि चार पहिया वाहनों को वन विभाग के नाके से आगे जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी किन्तु मेला व्यवस्था में लगे वाहनों को आने-जाने की अनुमति रहेगी। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर वायरलैस सैट उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर अग्निशमन वाहन रखा जायें।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डॉ तेजपाल सिंह, उपखण्ड अधिकारी यशार्थ शेखर, पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण शिवानी, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, नगर विकास न्यास के अधीक्षण अभियन्ता तैयब खान, एसीएफ सरिस्का अंकुश जिंदल, एसीएफ अलवर पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत, तहसीलदार अलवर रश्मि शर्मा, करणी माता मंदिर के महन्त उमेश शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे एवं करणी माता मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## जूली ने जताया शोक, दी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स

अलवर (नि.सं.)। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने केंद्रीय वन मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के पिता स्वर्गीय कदम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके पैतृक गांव हरियाणा के जमालपुर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। जूली ने स्वर्गीय यादव के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि रेलवे में स्टेशन अधीक्षक पद पर रहकर लंबे समय तक उन्होंने रेलवे विभाग में अपनी सेवाएं दी उन्होंने कहा कि स्वर्गीय कदम सिंह कबड्डी के भी अच्छे खिलाड़ी रहे। इस दौरान कांग्रेस सचेतक रफीक खान, विधायक मांगेलाल मीणा, जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, संजय यादव, आर्यन जुबेर, इमरान खान, हिम्मत चौधरी, संजीव बारेठ, विश्राम गुर्जर उपस्थित रहे।

## ट्रैन से कटकर युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

राजगढ़ (नि.सं.)। कस्बे के राजगढ़ - बांदीकुई रेल मार्ग एलसी 142 के समीप ट्रेन से कटने पर एक युवक की मौत हो गयी पालिका कर्मी जुगनू तमोली की सहायता से मृतक के शव को ट्रैक से हटवाया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर राजगढ़ सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया है हालांकि मौत ट्रैन की चपेट में आने से सुसाइड है पता नहीं लग पाया है।

## जिला कलक्टर ने किया पुलिस थाने का औचक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(नि.सं.)। जिला कलक्टर किशोर कुमार ने मंगलवार को खैरथल थाने का निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने थाने की साफ-सफाई, रिकॉर्ड्स की जांच और लंबित मामलों की स्थिति का जायजा लिया। सर्वप्रथम जिला कलेक्टर ने पुलिस थाना खैरथल स्थित बंदी ग्रह, मालखाना सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों का निरीक्षण कर गत माह में दर्ज हुए मामलों की जानकारी ली। उन्होंने थाने



में स्वीकृत कुल पद पर लगे हुए सभी पुलिसकर्मी की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने थाने में मुख्यतः दर्ज होने वाले प्रकरणों की अपराधिक प्रकृति की जानकारी ली।

उन्होंने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रकरणों को निस्तारित कर संबंधित को सहायता राशि दिलाने के निर्देश दिए साथ ही थाने में नई बैरक के निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बाहर के लाइसेंस धारियों का जिला कार्यालय में पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने त्योहारों के चलते शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी राकेश कुमार, जुडिशल शाखा इंचार्ज विशाल गुप्ता सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## जलदाय विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। मंगलवार को जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता भवानी सिंह शेखावत ने अधिकारियों की बैठक ली जिसमे ग्रीष्मकाल में सुचारू रूप से जलापूर्ति के निर्देश दिए प्रतिदिन जलापूर्ति



चेक करने व पानी का दबाब व अवशेष क्लोरीन की जांच नियमित करने के भी निर्देश दिए। बजट घोषणा व समर कॉन्टिनजेंसी के कार्य शीघ्रता से करवाये। जल जीवन मिशन के शेष रहे कार्यो को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के दोनों अधीक्षण अभियंता, सभी अधिशाषी अभियंता व सभी सहायक अभियंता मौजूद रहे।

## शहीद भगत सिंह बलिदान दिवस समारोह 23 मार्च को

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अमर सेनानी शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु का 94 बलिदान दिवस समारोह 23 मार्च को जोश- खरोश के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर कर्मवीर रंग मंडल भोपाल की टीम नाटक इंकलाब का सैलाब- भगत सिंह का मंचन करेगी। शहीद भगत सिंह बलिदान दिवस समारोह समिति के संयोजक जोगिंदर सिंह कोचर एवं सचिव प्रमोद मलिक ने बताया कि 23 मार्च को प्रातः आठ बजे शहीद भगत सिंह चौराहे स्थित उनकी प्रतिमा को माल्यार्पण कर आजादी के आंदोलन में शहादत देने वाले सभी वीरों को नमन किया जाएगा। बलिदान दिवस समारोह कार्यक्रम की शुरुआत हुकम चंद कव्वाल एंड पार्टी के क्रांतिकारी गीतों से होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथियों में अपनाघर शालीमार के निदेशक अशोक सैनी, सार्वजनिक गौशाला समिति के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, समाज सेवी डॉ.एस. सी. मितल, कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव हरिशंकर रावत, संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हरमीत मेहंदीरता, समाज सेवी दिनेश भार्गव, शशांक झालानी, अमरजीत सिंह बिट्टू और अशोक आहूजा होंगे।

## पेंशनर्स यथाशीघ्र पेंशन का वार्षिक भौतिक सत्यापन करावें

### फार्मर रजिस्ट्री शिविर में भी करवाया जा सकता है पेंशन का भौतिक सत्यापन

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में जिन पेशनर्स ने अपनी पेशन का वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं कराया है वे यथाशीघ्र भौतिक सत्यापन करावे। जिले की विभिन्न पंचायत समितियों में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में भी पेंशन का वार्षिक भौतिक सत्यापन कराया जा सकता है।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री शिविर के अलावा पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनर्स अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्क पर जाकर अपनी अगुंली की छाप के माध्यम से सत्यापन करवा सकते है। इसके अलावा पेंशनर विभाग द्वारा जारी मोबाईल एप के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाईल पर फेस कैप्चर करके, अपने क्षेत्र के पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी कार्यालय सम्पर्क कर पेंशन पीपीओ में जुडे मोबाईल नं0 पर ओटीपी प्राप्त कर एवं ई-मित्र प्लस मशीनों पर भी सत्यापन की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से किसी भी माध्यम से सत्यापन नहीं हो पाता है तो संबंधित पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी अथवा विकास अधिकारी) के रजिस्टर्ड मोबाईल न बर पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करवाया जा सकता हैं। सत्यापन के अभाव में माह मार्च 2025 के बाद पेंशन राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा। उल्लेखनीय है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में पेंशनर्स द्वारा अपनी पेंशन का वार्षिक भौतिक सत्यापन प्रतिवर्ष माह नव बर एवं दिस बर में करवाया जाना होता है। जिले में वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत कुल 2 लाख 48 हजार 672 पेंशनर्स पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें से 20 हजार 633 पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन शेष है।

## पंजाबी समाज का होली मिलन शनिवार को, लट्ठमार होली व फूलो की होली रहेगा आकर्षण का केंद्र

जयपुर टाइम्स



अलवर (नि.सं.)। पंजाबी समाज व समाज की समस्त संस्थाएं सामूहिक रूप से प्रेम का पर्व होली को मिलन समारोह के रूप मे मनाएंगी। इस बाबत समाज के प्रमुख संस्थाओ के प्रतिनिधियों व जागरूक युवाओं की बैठक पुरुषार्थी भवन, स्कीम 2 मे आयोजित हुई जिसमे शनिवार को होली मिलन समारोह के आयोजन को अंतिम रूप दिया गया। व्योवृद्ध चरणजीत सुनेजा नें बताया कि 22 मार्च वार शनिवार को सांय 7 बजे ब्रज के कलाकारों द्वारा विशेष झाँकिया प्रस्तुत की जाएगी उसी के साथ महारास का आयोजन होगा साथ हीं समाज के प्रसिद्ध गायक विजय पुंजनानी द्वारा इन झंकियों के सहयोग से फूलों की होली खेलकर भजनो की बेला का आयोजन होगा। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि समाज के वें नामचीन चेहरे जो शासन व प्रशासन मे अलवर मे रहते हुए सेवाए दे रहे हैं रहेंगे। इसी के साथ विशिष्ठ अतिथि के रूप मे समाज के बुजुर्ग व संस्थाओ के प्रधान शिरकत करेंगे

आयोजक समिति से जुड़े पवन सोनी नें बताया की कार्यक्रम मे प्रवेश पत्र के माध्यम से पंजाबी समाज के परिवार शामिल होंगे ओर ये प्रवेश पत्र पूर्णतया निशुल्क होंगे साथ हीं कार्यक्रम मे बाद स्वरूची भोज का भी आयोजन समाज के लोगो के लिए होगा।

मीटिंग मे कृष्ण लाल अरोड़ा, अमित छाबड़ा, सौरभ कालरा, राजू धवन, रवि लम्बा, धर्मेंद्र अदलखा, विकास जासूजा, पवन छाबड़ा, गुलशन गाबा, अनुराग जासूजा, संदीप नकड़ा, विपिन सेतिया, राजीव गाँधी, नितिन गाँधी, गौरव कालरा, सहित समाज के अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## बैंकिग योजनाओं के बारे में युवाओं व आमजन को जागरूक कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करें - जिला कलक्टर

### अग्रणी बैंक की जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

कोटपूतली(नि.सं.)। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में अग्रणी बैंक कार्यालय द्वारा जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्टर ने समिति सदस्यों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर लंबित सब्सिडी क्लेम एवं ऋण आवेदनों के लंबित प्रकरणों के नियमानुसार समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऋण वितरण के लक्ष्यानुरूप कार्य करते हुये आमजन तक बैंकिंग से संबंधित योजनाओं की जानकारी विभिन्न



माध्यमों से पहुंचायें, योजना की पात्रता, लाभ, उद्देश्य व प्रक्रिया के बारे में जरूरतमंद को सरल भाषा में जानकारी देने हेतु विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं सरकार का ध्येय है कि पीएम विश्वकर्मा व पीएम मुद्रा जैसी योजनाओं के माध्यम से सूक्ष्म व लघु उद्योगों हेतु जरूरतमंद कामगारों को ऋण व अन्य सहायता उपलब्ध कराकर सशक्त बनाया जायें। जिससे की वे मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने निर्देशित किया कि समिति सदस्य कामगारों व युवाओं को विभिन्न बैंकिग योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित करें व हरसंभव सहायता उपलब्ध करवायें। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के माध्यम से सफल हुये उद्यमियों, काश्तकारों व कामगारों की सफलता की कहानियों को आमजन तक पहुंचायें। आमजन को रोजगार हेतु एंटरप्रेन्योरशिप के माध्यम से विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान कर सशक्त करने की दिशा में काम करें। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक मुकेश कुमार गुर्जर ने विभिन्न योजनाओं के तहत की गई प्रगति की विस्तार से जानकारी प्रदान की। अग्रणी जिला अधिकारी आरबीआई राजाराम बैरवा ने साईबर क्राईम व फ्रौड बैंकिंग गतिविधियों के बारे में आमजन को जागरूक व सतर्क करने को कहा व जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड मीनाक्षी मीना ने बैंकिग सहायता से क्षेत्र में कामगारों द्वारा किये जा रहे दरी, गलीचे, बर्तन बनाने सहित विभिन्न कार्यो की विस्तार से जानकारी देकर भविष्य की कार्य योजना के बारे में बताया एवं नाबार्ड द्वारा संचालित नई योजनाओं व एरिया बेस योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान एजीएम एमएल कुलदीप, संयुक्त कृषि प्रबंधक महेंद्र जैन सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य मौजूद रहें।

इन विषयों पर हुई चर्चा बैठक में गत बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्यवाही, अग्रणी बैंक योजनान्तर्गत बैंकिंग सांख्यिकीय आंकड़ों की बैंकवार सितम्बर 24 की दिसम्बर 24 से तुलनात्मक समीक्षा, साख जमा अनुपात व सामाजिक बैंकिंग पर विशेष चर्चा की गई एवं दिसम्बर 24 तिमाही तक की प्रगति की समीक्षा, सरकारी प्रायोजित योजनाओं अंतर्गत लक्ष्यों की नवीनतम प्रगति की समीक्षा एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, राको अधिनियम अंतर्गत दायर केसों की विस्तृत समीक्षा, बैंकों के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। पीएम विश्वकर्मा योजना के अनुपालन पर चर्चा, पशुपालन एवं मत्स्य पालन के लोन आवेदन के निस्तारण, पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज (पीएमएफएमई) योजना, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ), पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि), किसानों की आय को दुगुना करने के लिए कार्ययोजना, कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना/सामाजिक सुरक्षा योजना की प्रगति पर चर्चा कर पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को शत प्रतिशत ऋण संतृप्तता पर चर्चा की गई। साथ ही नाबार्ड द्वारा संचालित नई योजनाओं, एरिया बेस योजनाओं पर चर्चा, एफएलसीसी एवं आर सेटी की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

## विद्युत निगमों में अभियंता संवर्ग की सीधी भर्ती परीक्षा 11 व 12 अप्रैल को निर्धारित

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। राज्य के पाँचों विद्युत कंपनियों में कुल 487 पदों के लिये प्रारम्भ की गई भर्ती प्रक्रिया के प्रथम चरण में अभियन्ता संवर्ग के कुल 271 पदों पर राजस्थान के विभिन्न जिलों के परीक्षा केन्द्रों पर ऑनलाइन परीक्षा 11 और 12 अप्रैल 2025 को आयोजित की जायेगी।

अभियन्ता संवर्ग के कुल 271 पदों में कनिष्ठ अभियन्ता (इलेक्ट्रिकल) के 228 पद, कनिष्ठ अभियंता (मैकेनिकल) के 25 पद, कनिष्ठ अभियन्ता (सी एण्ड आई/कम्युनिकेशन) के 11 पद, कनिष्ठ अभियन्ता (फायर एंड सेफ्टी) के 2 पद और कनिष्ठ रसायनज्ञ के 5 पद शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त विद्युत निगमों में तकनीशियन-(आईटीआई)/ ऑपरेटर -(आईटीआई)/ प्लान्ट अटेन्डेन्ट- -(आईटीआई) के 216 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया जो दिनांक 21 फरवरी 2025 से शुरू हुई थी, की अंतिम तिथि 20 मार्च 2025 है। ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और निगम ने स्पष्ट किया है कि आवेदन करने की अंतिम तिथि को आगे नहीं बढ़ाया जावेगा।

आवेदन के संबंध में अभ्यर्थियों को यदि कोई भी समस्या है या अन्य जानकारी वांछित है तो इसके लिए वे हेल्पलाइन डेस्क 9414056655 पर संपर्क कर सकते हैं जो सुचारू रूप से कार्य कर रही है।

## पहचान पोर्टल 20 व 21 मार्च को बंद रहेगा

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव विनेश सिंघवी ने बताया कि आमजन की सुविधा के लिए राज्य में जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन का कार्य ऑनलाईन वेबपोर्टल पहचान के माध्यम से सरलता व सुगमता से सम्पादित किया जा रहा है एवं कम्प्यूट्रीकृत और ई-साईन युक्त जन्म, मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में पहचान पोर्टल पर जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित लगभग 3.50 करोड़ डाटा संग्रहीत हो चुका है और भविष्य में यह डाटा ओर अधिक बढ़ेगा। इस स्थिति के मध्यनजर पहचान पोर्टल को भामाशाह स्टेट डाटा सेंटर पर माइग्रेशन किया जा रहा है ताकि पंजीयन का कार्य सुचारू रूप से सम्पादित होता रहे। उक्त कार्य की क्रियान्विति हेतु दिनांक 20.03.2025 एवं 21.03.2025 (दो दिवस) को पहचान पोर्टल से जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित समस्त कार्य बंद रहेंगे एवं प्रमाण पत्र जारी नहीं किये जा सकेंगे।

## डॉ. संगीता भोवाल को वर्ल्ड एनिमल वेलफेयर अवार्ड 2025 से सम्मानित

जयपुर टाइम्स

जयपुर (का.सं.)। गोडशिप एकेडमी की निदेशक डॉ. संगीता भोवाल को पशु कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु वर्ल्ड एनिमल वेलफेयर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 'वर्ल्ड' संगठन के निदेशक एवं राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड, राजस्थान सरकार के सदस्य मनीष सक्सेना ने प्रदान किया। डॉ. भोवाल पिछले एक दशक से वृक्षारोपण, पक्षियों के लिए कृत्रिम घोंसले, बेसहारा श्वानों की देखभाल, पशु क्रूरता के विरुद्ध अभियान और शाकाहार को प्रोत्साहित करने जैसे कार्यों में सक्रिय हैं। उनकी निष्ठा को देखते हुए 'वर्ल्ड' संगठन चयन समिति ने उन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना।मनीष सक्सेना ने कहा कि डॉ. भोवाल समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। वह अपनी अकादमी के माध्यम से विद्यार्थियों में पशु प्रेम और करुणा की भावना विकसित करने के लिए सतत प्रयासरत हैं। उल्लेखनीय है कि 'वर्ल्ड' संगठन पिछले 25 वर्षों से पशु कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को सम्मानित कर रहा है। इसी कड़ी में डॉ. संगीता भोवाल को पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह 2025 के तहत यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया।




## जागृति महिला मंडल बाड़ी द्वारा बिजौली स्थित गौशाला में की गौ सेवा।

जयपुर टाइम्स

बाड़ी धौलपुर (नि.सं.)। बाड़ी उपखण्ड के बिजौली स्थित गौशाला में जागृति महिला मंडल द्वारा गौ सेवा की गई। जिसमें करीब 50 किलो आटे की रोटियां महिलाओं द्वारा अपने हाथ से गायों को खिलाई गई। साथ ही 70 किलो गुड़ टुकड़ों में काट कर गायों को खिलाया गया। इस दौरान मंडल की महिलाएं एक ही ड्रेस कोड के साथ गौशाला पहुंची। जहां पर




उन्होंने गौ सेवा के साथ साथ भोजन ग्रहण किया तथा गायों के बीच समय व्यतीत किया। मंडल की सदस्य सोनम मित्तल ने बताया कि हमारी संस्था करीब दो वर्ष से कार्य कर रही है। जो कि विद्यालय मे बच्चो को सामग्री वितरण जैसे कार्य करती है। तथा इस वर्ष बिजौली गौशाला मे गायों को रोटी खिलाकर हम लोग बहुत अच्छा महसूस कर रहें है। बाकी महिलाओ और पुरुषों को भी गौ सेवा का कार्य करते रहना चाहिए। इन कार्यो का खर्च महिला मंडल आपस मे पैसे एकत्रित करते वहन करती है। गौ सेवा के बाद महिलाओ ने आपस मे गुलाल की होली भी खेली। इस दौरान रजनी सिंगल, सुमन बंसल, सीमा मित्तल, राधा मित्तल, सोनम बंसल,मनोरमा मित्तल,गीता गर्ग,कृष्णा जिंदल,सुषमा ,राजकुमारी बिंदल,अनीता अवस्थी, पशु पक्षी प्रेमी रामकुमार चौधरी, नरेश गुधौनिया, नरेश अग्रवाल, बच्चू गुर्जर आदि मौजूद रहें।

## एसपी ने ली क्षेत्र में अपराध और कानून व्यवस्था की जानकारी

जयपुर टाइम्स

बिजौलियां (नि.सं.)। भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव ने मंगलवार को बिजौलियां पहुंच कर पुलिस थाने का वार्षिक निरीक्षण किया।इस दौरान एसपी यादव ने सीएलजी सदस्यों से भी मुलाकात कर क्षेत्र में अपराध,नशा कारोबार,साम्प्रदायिक गतिविधियों,महिला



सुरक्षा,ट्रैफिक व्यवस्था,कानून व्यवस्था और व्यापार सम्बन्धी जानकारी पर चर्चा की।साथ ही क्षेत्र के प्रमुख व्यवसाय खनिज कारोबार और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में भी बात की।सीएलजी सदस्यों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर एसपी यादव का स्वागत किया गया।प्रोबेशनल एसपी नितिन जैन भी साथ रहे।बैठक में भवानीशंकर शर्मा,शक्तिनारायण शर्मा,रमेश गुरुजी,सुमित जोशी,शिव चन्द्रवाल,ओमप्रकाश शर्मा,असलम हुसैन, राजेन्द्रसिंह तंवर,प्रहलाद सोनी, वेदप्रकाश तिवाड़ी,अनिल टाक, देवेंद्र लक्षकार,रामस्वरूप मेवाड़ा व अशोक गौड़ समेत कई सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

जयपुर टाइम्स

जयपुर, (का.सं.)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में एसएमएस अस्पताल, ट्रोमा सेन्टर, बांगड़, जेके लोन, भैरव सर्किल, इण्डिया गेट व सांगानेर जोन के पीछे श्रीराम कॉलोनी से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 4 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 02 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में एसएमएस अस्पताल, ट्रोमा सेन्टर, बांगड़, जेके लोन, भैरव सर्किल, इण्डिया गेट व सांगानेर जोन के पीछे श्रीराम कॉलोनी से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 02 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 4 हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# गर्मी से बचाव के लिए चिकित्सा विभाग अलर्ट, जिलावार तैयारियों की समीक्षा




जयपुर टाइम्स

जयपुर (का.सं.)। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने लू-तापघात और मौसमी बीमारियों से निपटने की व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जिलावार तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश

बैठक में सभी जिलों में कंट्रोल रूम स्थापित करने, ऑक्सीजन प्लांट, जांच मशीनों और अन्य चिकित्सा उपकरणों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, सभी अस्पतालों में जांच व उपचार के लिए आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता पर जोर दिया गया।

### चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ की कमी नहीं हो

श्रीमती राठौड़ ने निर्देश दिए कि जहां चिकित्सकों की कमी हो, वहां संविदा आधार पर या सेवानिवृत्त कार्मिकों की नियुक्ति की जाए। वहीं, पैरामेडिकल स्टाफ की कमी होने पर जिला कलक्टर की स्वीकृति से स्थानीय स्तर पर नियुक्तियां की जाएं।

### अस्पतालों में ओआरएस कॉर्नर और छाया-पानी की व्यवस्था

प्रमुख शासन सचिव ने सभी अस्पतालों में ओआरएस कॉर्नर स्थापित करने, वाटर कूलर, पंखे, कूलर और एसी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खराब संसाधनों का समय पर मेंटेनेंस कराने को कहा गया।

### बजट का हो प्रभावी उपयोग

एनएचएम मिशन निदेशक श्रीमती भारती दीक्षित ने सभी जिलों में उपलब्ध बजट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### स्थानीय निकायों के साथ समन्वय जरूरी

डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने फॉगिंग, एंटी-लार्वा गतिविधियों और जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। बैठक में टीबी मुक्त भारत और सिलिकोसिस नियंत्रण कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। बैठक में निदेशक आईईसी श्रीमती टी. शुभमंगला, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनप्रतिनिधियों की उदासीनताः मंत्रीजी के गृह क्षेत्र सुमेरपुर बिजली कार्यालय में अधिकारी नहीं

जयपुर टाइम्स

सुमेरपुर,(निस)। पुखराज कुमावत (नि.सं.)। कैबिनेट मंत्री के गृह क्षेत्र में विद्युत विभाग महकमा बेहाल है। भले ही गांवों में शिविर लगाकर विभिन्न प्रकरणों के निस्तारण के दावे किए जा रहे है, लेकिन लम्बे समय से प्रशासनिक व्यवस्था बिगड़ी हुई है। एक तरफ गर्मी की सीजन शुरू हो गई है,तो वही सुमेरपुर विद्युत विभाग में अधिकारियों का टोटा है। विद्युत विभाग सबसे व्यस्तम महकमा है यहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण जेईएन के पद रिक्त है। अतिरिक्त चार्ज देकर जुगाड़ से काम चलाया जा रहा है। ग्रामीण कार्यों के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। प्राप्त सूत्रों की जानकारी के अनुसार

हालात ये है कि जिम्मेदार इस तरह ध्यान नहीं देने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां लगभग अधिकारियों का पांच माह पूर्व स्थानांतरण होने के बाद अभी तक रिक्त पद है और पांच माह के भीतर अधिकारियों की नियुक्ति नहीं होना उपभोक्ताओं के लिए बुरी खबर हैं। सुमेरपुर एक बहुत बड़ा कस्बा है जहां एक सहायक अभियंता और चार जेईएन का पद है जिसमें सिटी में एक और तीन गांवों के लिए लगाए गए हैं। अधिकारियों में से मात्र एक सिटी में कार्यरत है और दूसरा जेईएन तखतगढ़ से लगाया गया है,इसके चलते दोनों तरफ समस्या बढ़ गई है। इस प्रकार कैबिनेट मंत्री जी के गृह क्षेत्र में अधिकारियों का टोटा है। सरकार द्वारा हर पंचायत पर रजिस्ट्री फार्मर के तहत शिविरों का संचालन किया जा रहा है,उसके बावजूद भी जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता के चलते उपभोक्ताओं को अधिकारी नसीब नहीं।

### कब होगी नियुक्ति

सुमेरपुर डिस्कॉम कार्यालय की बात करें तो पिछले 5 महीना से कार्यालय खाली पड़ा है और लोग काम के लिए भटक रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्र के लिए तीन जेईएन की पोस्टिंग खाली हैं। सहायक अभियंता के पास एक्सइएन का चार्ज दिया गया है,इससे दुगना भार बढ़ गया है। फिलहाल एक सहायक अभियंता के साथ एक जेईएन कार्यरत है तथा दूसरे तखतगढ़ जेईएन को आनन-फानन में चार्ज दिया गया।

### मुख्यालय पर जेईएन पद रिक्त


मंत्री के विधानसभा मुख्यालय पर ही सुमेरपुर डिस्कॉम कार्यालय में तीन जेईएन नहीं है। मंत्रिमंडल में विधायक जोराराम कुमावत को केबिनेट मंत्री बनाते हुए देव बोर्ड,पशु पालन,डेरी उत्पादन महकमे की जिम्मेदारी दी गई है। उनके मंत्री बनने के बाद लोगों को आस जगी कि विधानसभा क्षेत्र में विद्युत विभाग महकमे की हालत सुधरेगी।

**किसानों के हित में सदैव तत्पर राज्य सरकार**

## 1 अप्रेल से करवा सकेंगे पंजीकरण, 10 अप्रेल से शुरू होगी खरीद -दक

जयपुर टाइम्स

जयपुर। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में सदैव तत्पर है एवं आगामी



रबी सीजन 2025-26 में समर्थन मूल्य पर सरसों तथा चना की खरीद के लिए सभी तैयारियां आरंभ की जा चुकी हैं।

श्री दक ने बताया कि इस वर्ष राज्य में सरसों का लगभग 62 मैट्रिक टन एवं चने का लगभग 23 लाख मैट्रिक टन उत्पादन संभावित है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राज्य में सरसों की 13.89 लाख मैट्रिक टन एवं चने की 6.30 लाख मैट्रिक टन खरीद किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर सरसों एवं चना के विक्रय हेतु किसान 1 अप्रेल से ई-मित्र के माध्यम से पंजीयन करवा सकेंगे। जबकि, खरीद का कार्य 10 अप्रेल से आरंभ होगा। पंजीयन के लिए किसानों को गिरदावरी एवं पासबुक आवश्यक रूप से पंजीयन फॉर्म के साथ अपलोड करनी होगी। समर्थन मूल्य पर खरीद बायोमीट्रिक अभिप्रमाणन के आधार पर की जाएगी। सहकारिता मंत्री ने बताया कि इस वर्ष राज्य में नोडल एजेंसी नैफेड के साथ-साथ एनसीसीएफ द्वारा भी दलहन-तिलहन की खरीद का कार्य राजफैड के माध्यम से कराया जाना है। इसके लिए सरसों एवं चने हेतु एनसीसीएफ को 217-217 एवं नैफेड को 288-288 क्रय केन्द्र स्वीकृत किये गए हैं। इस प्रकार, राज्य में सरसों एवं चने के कुल 505-505 क्रय केन्द्र स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी जिलेवार सूची जारी कर दी गई है। दक ने बताया कि एनसीसीएफ द्वारा राजफैड क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर, जोधपुर, बीकानेर एवं कोटा के 19 जिलों में तथा नैफेड द्वारा राजफैड क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर, उदयपुर, श्रीगंगानगर एवं भरतपुर क्षेत्र के 21 जिलों में खरीद कार्य करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा आगामी सीजन हेतु सरसों का समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल एवं चने का समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि किसान पूर्व की भांति एफएक्यू गुणवत्ता मापदण्डों के अनुरूप अपनी फसल क्षेत्र की क्रय-विक्रय अथवा ग्राम सेवा सहकारी समिति केन्द्र पर विक्रय कर सकेंगे। किसान भाइयों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए राजफैड में कॉल सेन्टर 18001806001 स्थापित किया गया है। उन्होंने किसान भाइयों से अनुरोध किया कि वे अपनी फसल को साफ-सुथरा कर तथा छानकर क्रय केन्द्रों पर लाएं ताकि गुणवत्ता मापदण्डों के अनुरूप जिंस विक्रय कर सकें।

*गर्मियां शुरू होने से पहले ही पेयजल किल्लत*

## आक्रोशित महिलाओं ने सड़क जाम कर फोडे मटके

### पेयजल समस्या को लेकर भाजपाइयों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

जयपुर टाइम्स



फुलेरा(नि.सं.)। शहर में लंबे समय से आमजन पेयजल समस्या से जूझ रहा है अभी गर्मियों का सीजन शुरू भी नहीं हुआ है इससे पहले ही पानी की बूंद-बूंद के लिए आमजन को परेशान होना पड़ रहा है 2 दिन की जगह शहर में 7 से 8 दिन में पेयजल आपूर्ति की जा रही है ऐसे में परेशान होकर कई भाजपाई पार्षदों के साथ महिला पुरुष जलदाय विभाग कार्यालय पहुंचे और सड़क जाम कर जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी, प्रदर्शन व सड़क जाम की सूचना पर फुलेरा थानाधिकारी श्रवण कुमार, एएसआई सुभाष मय जाप्ता पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से समझाइश कर सड़क जाम खुलवाया गया । इस मौके पर जलदाय विभाग सांभरलेक के सहायक अभियंता संजय कुमार शर्मा पहुंचे जहा महिलाओं ने अधिकारी को खरी-खोटी सुनाई और जल्द समस्या समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। दरअसल फुलेरा शहर में 6 से 7 लाख लीटर ही पानी आ रहा है जबकि आवश्यकता 20 लाख लीटर की है, फिर भी उच्च अधिकारियों से बात कर के पेयजल समस्या का समाधान किया जाएगा । इस दौरान पार्षद आशा सैनी, जितेंद्र वर्मा,सरदार सिंह चौधरी, अभिषेक वर्मा, मदन गढवाल,पार्षद प्रतिनधि राजकुमार सैनी, गजेंद्र सिंह शेखावत,धर्मेन्द्र सैनी,पूर्व पार्षद विजय पापटवान,कैलाश नारायण साहू,महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कुमावत सहित सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद रहे।

### महिलाओं ने मटके फोड़ कर किया प्रदर्शन

फुलेरा शहर लंबे समय से पेयजल समस्या से जूझ रहा है गर्मियों से पहले ही पानी की बूंद-बूंद के लिए आमजन को परेशान होना पड़ रहा है ऐसे में आक्रोशित महिलाएं जलदाय कार्यालय पर मटके लेकर पहुंची रास्ता जाम किया और अधिकारियों के सामने मटके फोड़ कर अपना आक्रोश जताया. महिलाओं ने बताया कि 7 से 8 दिन में पेयजल सप्लाई हो रही है ऐसे में महंगे दामों में लोगों को पानी के टैंकर मंगाने पड़ रहे हैं वहीं गरीब तबके के लोग तो टैंकर भी नहीं मांगा पाते।

### दो माह से कनिष्ठ अभियंता का पद चल रहा खाली

जलदाय विभाग कार्यालय फुलेरा में 2 माह से कनिष्ठ अभियंता का पद खाली चल रहा है जिससे शहर में व्याप्त पेयजल समस्या को लेकर आमजन की कोई सुनने वाला भी नहीं है । कनिष्ठ अभियंता ज्योति वर्मा का तबादला दो महीने पूर्व हो गया तब से कनिष्ठ अभियंता का पद खाली चल रहा है जिससे आमजन को अपनी पीड़ा सुनाने के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है. धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने उच्च अधिकारियों से जल्द कनिष्ठ अभियंता लगाने की भी मांग की है।

## राज्य में एफएमडी टीकाकरण अभियान शुरू, दो माह में 2.32 करोड़ पशुओं को लगेंगे टीके

जयपुर टाइम्स

जयपुर, (का.सं.)। राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राज्य में गौ एवं भैंस वंशीय पशुओं के लिए एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) टीकाकरण अभियान की शुरुआत हुई। यह अभियान 18 मार्च से 17 मई तक चलेगा, जिसमें 2 करोड़ 32 लाख पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा।

### टीकाकरण की निगरानी होगी कड़ी

शासन सचिव, पशुपालन डॉ. समित शर्मा ने जिलों के संयुक्त निदेशकों को माइक्रो लेवल पर योजना बनाकर अभियान की प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो टीकाकरण कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करेंगे, ताकि अधिक पशुपालक इससे जुड़ सकें।

### वन क्षेत्र और निराश्रित पशुओं पर विशेष ध्यान

डॉ. शर्मा ने वन्य अभ्यारण्यों व संरक्षित वन क्षेत्रों के 5-10 किमी परिधि में प्राथमिकता से टीकाकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, निराश्रित गौवंश का टीकाकरण ग्राम पंचायतों के सहयोग से होगा।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाः राज्य स्तरीय शिकायत निराकरण समिति की बैठक

जयपुर टाइम्स

जयपुर (का.सं.)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल कटाई प्रयोगों पर एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी द्वारा लगाये गये आपत्तियों के निस्तारण हेतु बीमा कम्पनी के प्रतिनिधियों एवं राज्य स्तरीय शिकायत निराकरण समिति के सदस्यों के साथ मंगलवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी श्री राजन विशाल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय शिकायत निराकरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में शासन सचिव ने नागौर और डीडवाना-कुचामन जिलों के खरीफ 2023 की फसल कटाई प्रयोगों की आपत्तियों के निस्तारण हेतु इन जिलों के अधिकारियों एवं बीमा कम्पनी प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर योजना प्रावधान के अनुरूप कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। श्री राजन विशाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फसल कटाई प्रयोगों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की गाईडलाइन के अनुसार पूर्ण ईमानदारी से समय पर संपादित करें।



उल्लेखनीय है कि खरीफ 2023 का 1 हजार 603 करोड़ रूपये एवं रबी 2023-24 के 1 हजार 52 करोड़ रूपये के क्लेम पात्र फसल बीमा पॉलिसी धारक कृषकों को वितरित किये जा चुके हैं। शेष फसल बीमा क्लेम की राशि अतिशीघ्र किसानों को वितरित कर दी जायेगी। वर्तमान सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कृषकों को अब तक लगभग 3 हजार 349 करोड़ रूपये की राशि वितरित की जा चुकी है।

बैठक में आयुक्त कृषि चिन्मयी गोपाल, आयुक्त उद्यानिकी सुरेश कुमार ओला, अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) सीकर रामनिवास पालीवाल, संयुक्त निदेशक कृषि (फसल बीमा) डॉ. जगदेव सिंह, संयुक्त निदेशक कृषि (नागौर) हरीश मेहरा, संयुक्त निदेशक कृषि (डीडवाना-कुचामन) शंकर लाल बेड़ा, सब डिविजनल अधिकारी ओमप्रकाश, आर्थिक एवं सांख्यिकी उप निदेशक रामकुमार राव सहित विभागीय अधिकारी और इन्श्योरेन्स कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संपादकीय .....

# गडकरी की तरह बाकी नेता भी 'जात की बात करने वालों को लात कब मारेंगे' ?

बेबाक अंदाज में अपनी बात कहने के लिए मशहूर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक बार फिर से जातिवाद को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। देश में जाति, धर्म और भाषा के नाम पर मचे राजनीतिक बवाल के बीच नितिन गडकरी ने अपने ताजा बयान से सबको आईना दिखाने की कोशिश की है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर स्थित 'सेंट्रल इंडिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस' में आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए एक बार फिर से जाति की बात करने वालों को कसके लात मारने की बात कही है। गडकरी ने जोर देते हुए कहा कि, ÷किसी भी व्यक्ति के साथ जाति, धर्म, भाषा या लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷जो करेगा जात की बात, उसको कसके मारूंगा लात''।

इस देश की राजनीति की विडंबना देखिए कि, यहां अब शायद ही कोई ऐसा राजनीतिक दल बचा है जो चुनावी रणनीति बनाते समय जातिगत समीकरण को ध्यान में ना रखता हो। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि उम्मीदवारों को टिकट देते समय भी सबसे ज्यादा ख्याल क्षेत्र के जातिगत समीकरणों का ही रखा जाता है। यह हालत सिर्फ सांसदों या विधायकों के चुनाव में ही दिखाई नहीं देता है बल्कि वार्ड मेंबर से लेकर पंचायत चुनाव तक राजनीतिक दल जातीय समीकरण और गणित का ध्यान रखते हुए ही उम्मीदवार तय करते हैं। राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव सहित अन्य कई विपक्षी दलों के नेता बार-बार जाति जनगणना का राग अलाप रहे हैं। जाति आधारित जनगणना कई राज्यों में राजनीति और चुनाव का बड़ा मुद्दा बन चुका है और आने वाले दिनों में कई राज्यों में इसी मसले पर विधानसभा का चुनाव भी होने जा रहा है। देश के राजनीतिक दलों ने जातिवाद का बीज इतने गहरे तक बो दिया है कि उम्मीदवारों की लिस्ट तो छोड़िए, अब पार्टी पदाधिकारियों की घोषणा करते समय भी उनकी जाति खासतौर से बताई जाने लगी है। देश के राजनीतिक दल बड़े ही गर्व से यह बताते नजर आते हैं कि उन्होंने किस जाति के कितने नेताओं को पार्टी की राष्ट्रीय टीम में जगह दी है। ऐसे माहौल में नितिन गडकरी जैसे बड़े कद के नेता का बार-बार जातिवाद के खिलाफ बयान देना अपने आप में एक बड़ा और महत्वपूर्ण राजनीतिक संदेश माना जा सकता है। लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल तो यही उठ रहा है कि सड़कों के निर्माण के मामले में सदन के अंदर से लेकर बाहर तक नितिन गडकरी के कामकाज की तारीफ करने वाले केंद्रीय मंत्री, सांसद, मुख्यमंत्री, विधायक, एमएलसी, मेयर, पार्षद, मुखिया और अन्य जनप्रतिनिधि क्या गडकरी की सलाह मानेंगे? क्या इस देश के तमाम जनप्रतिनिधियों में इतनी हिम्मत है कि वे भी गडकरी की तरह जाति की बात करने वाले लोगों को कस के लात मारने की बात सार्वजनिक तौर पर खुले मंच से कह पाए? शायद नहीं, क्योंकि जब जाति का राग अलापने से सबको फायदा हो रहा है तो फिर बिल्ली के गले मे घंटी कौन बांधना चाहेगा? जातिवाद का यह जहर, देश को अंदर से खोखला करता जा रहा है। लेकिन क्या इसके लिए सिर्फ देश के नेता ही जिम्मेदार है? बिल्कुल नहीं, जाति देखकर वोट करने वाले मतदाता भी इसके लिए उतने ही जिम्मेदार है।

# ट्रम्प प्रशासन द्वारा टैरिफ सम्बंधी लिए जा रहे निर्णयों का भारत पर प्रभाव

अमेरिका में दिनांक 20 जनवरी 2025 को नव निर्वाचित राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ली गई शपथ के उपरांत ट्रम्प प्रशासन आर्थिक एवं अन्य क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण फैसले बहुत तेज गति से ले रहा है। इससे विश्व के कई देश प्रभावित हो रहे हैं एवं कई देशों को तो यह भी समझ में नहीं आ रहा है कि अंततः आगे आने वाले समय में इन फैसलों का प्रभाव इन देशों पर किस प्रकार होगा।

ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को बढ़ा रहा है क्योंकि इन देशों द्वारा अमेरिका से आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि ÷टिट फोर टेट÷ एवं ÷रेसिप्रोकल÷ आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रेल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टतः दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है।



अमेरिका में उपभोक्ता आधारित उत्पादों का आयात अधिक मात्रा में होता है और अब अमेरिका चाहता है कि इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ हो ताकि इन उत्पादों का अमेरिका में आयात कम हो सके। दक्षिण कोरीया, जापान, कनाडा, मेक्सिको आदि जैसे देशों की अर्थव्यवस्था केवल कुछ क्षेत्रों पर ही टिकी हुई है अतः इन देशों पर अमेरिका में बदल रही नीतियों का अधिक विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। जबकि भारत एक विविध प्रकार की बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है, अतः भारत को कुछ क्षेत्रों में यदि नुक्सान होगा तो कुछ क्षेत्रों में लाभ भी होने की प्रबल सम्भावना है। संभवत~ अमेरिका ने भी अब यह एक तरह से स्वीकार कर लिया है कि भारत के कृषि क्षेत्र को टैरिफ युद्ध से बाहर रखा जा सकता है, क्योंकि भारत के किसानों पर इसका प्रभाव विपरीत रूप से पड़ता है। और, भारत यह किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा कि भारत के किसानों को नुक्सान हो। डेरी उत्पाद एवं समुद्रीय उत्पादों में भी आवश्यक खाने पीने की वस्तुएं शामिल हैं। भारत अपने देश में इन उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्देश्य से इन उत्पादों के आयात पर टैरिफ लगाता है, ताकि अन्य देश सस्ते दामों पर इन उत्पादों को भारत के बाजार में डम्प नहीं कर सकें। साथ ही, भारत में मिडल क्लास की मात्रा में वृद्धि अभी हाल के कुछ वर्षो में प्रारम्भ हुई है अतः यह वर्ग देश में उत्पादित सस्ती वस्तुओं पर अधिक निर्भर है, यदि इन्हें आयातित महंगी वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती हैं तो वह इन्हें सहन नहीं कर सकता है। अतः यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों को सस्ते उत्पाद उपलब्ध करवाए। अन्यथा, यह वर्ग एक बार पुनः गरीबी रेखा के नीचे आ जाएगा। भारत ने मुद्रा स्फीति को भी कूटनीति के आधार पर नियंत्रण में रखने में सफलता प्राप्त की है। रूस, ईरान, अमेरिका, इजराईल, चीन, अरब समूह आदि देशों के साथ अच्छे सम्बंध रखकर विदेशी व्यापार करने में सफलता प्राप्त की है। जहां से भी जो वस्तु सस्ती मिलती है भारत उस देश से उस वस्तु का आयात करता है। इसी नीति पर चलते हुए, कच्चे तेल के आयात के मामले में भी भारत ने विभिन्न देशों से भारी मात्रा में छूट प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है और ईंधन के दाम भारत में पिछले लम्बे समय से स्थिर बनाए रखने में सफलता मिली है।

अमेरिका द्वारा चीन, कनाडा एवं मेक्सिको पर लगाए गए टैरिफ के बढ़ाने के पश्चात इन देशों द्वारा भी अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर टैरिफ लगा दिए जाने के उपरांत अब विभिन्न देशों के बीच व्यापार युद्ध एक सच्चाई बनता जा रहा है। परंतु, क्या इसका असर भारत के विदेशी व्यापार पर भी पड़ने जा रहा है अथवा क्या कुछ ऐसे क्षेत्र भी ढूढे जा सकते हैं जिनमें भारत लाभप्रद स्थिति में आ सकता है। जैसे, अपैरल (सिले हुए कपड़े) एवं नान अपैरल टेक्सटायल का मेक्सिको से अमेरिका को निर्यात प्रतिवर्ष लगभग 450 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहता है और मेक्सिको का अमेरिका को निर्यात के मामले में 8वां स्थान है। अमेरिका द्वारा मेक्सिको से आयात पर टैरिफ लगाए जाने के बाद टेक्सटायल से सम्बंधित उत्पाद अमेरिका में महंगे होने लगेंगे अतः इन उत्पादों का आयात अब अन्य देशों से किया जाएगा। मेक्सिको अमेरिका को 250 करोड़ अमेरिकी डॉलर के कॉटन अपैरल का निर्यात करता है एवं 150 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नान कॉटन अपैरल का निर्यात करता है। कॉटन अपैरल के आयात के लिए अब अमेरिकी व्यापारी भारत की ओर देखने लगे हैं एवं इस संदर्भ में भारत के निर्यातकों के पास पूछताछ की मात्रा में वृद्धि देखी जा रही है। इन परिस्थितियों के बीच, टेक्स्टायल उद्योग के साथ ही, फार्मा क्षेत्र, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र, इंजीयरिंग क्षेत्र एवं श्रम आधारित उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी भारत को लाभ हो सकता है।

यदि अमेरिका अपने देश में हो रहे उत्पादों के आयात पर टैरिफ में लगातार वृद्धि करता है तो यह उत्पाद अमेरिका में बहुत महंगे हो जाएंगे और इससे अमेरिकी नागरिकों पर मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ेगा। क्या अमेरिकी नागरिक इस व्यवस्था को लम्बे समय तक सहन कर पाएंगे। उदाहरण के तौर पर फार्मा क्षेत्र में भारत से जेनेरिक्स दवाईयों का निर्यात भारी मात्रा में होता है। यदि अमेरिका भारत के उत्पादों पर टैरिफ लगाता है तो इससे अधिक नुक्सान तो अमेरिकी नागरिकों को ही होने जा रहा है। भारत से आयात की जा रही सस्ती दवाएं अमेरिका में बहुत महंगी हो जाएंगी। इससे अंततः अमेरिकी नागरिकों के बीच असंतोष फैल सकता है। अतः अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन के लिए टैरिफ को लम्बे समय तक बढ़ाते जाने की अपनी सीमाएं हैं। अमेरिका विश्व का सबसे पुराना लोकतंत्र एवं सबसे बड़ा विकसित देश है और इस नाते अन्य देशों के प्रति अमेरिका की जवाबदारी भी है। टैरिफ बढ़ाए जाने के सम्बंध में इक तरफा कार्यवाही अमेरिका की अन्य देशों के साथ सौदेबाजी की क्षमता तो बढ़ा सकती है परंतु यह कूटनीति लम्बे समय तक काम नहीं आ सकती है। अमेरिकी नागरिकों के साथ साथ अन्य देशों में भी असंतोष फैलेगा। कोई भी व्यापारी नहीं चाहता कि नीतियों में अस्थिरता बनी रहे। इसका सीधा सीधा असर विश्व के समस्त स्टॉक मार्केट पर विपरीत रूप से पड़ता हुआ दिखाई भी दे रहा है। यदि यह स्टॉक मार्केट के अतिरिक्त अन्य बाजारों एवं नागरिकों के बीच में भी फैला तो मंदी की सम्भावनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। अमेरिका के साथ साथ अन्य कई देश भी मंदी की चपेट में आए बिना नहीं रह पाएंगे। अर्थात, इस प्रकार की नीतियों से विश्व के कई देश विपरीत रूप में प्रभावित होंगे। अमेरिका को भी टैरिफ के संदर्भ में इस बात पर एक बार पुनः विचार करना होगा कि विकसित देशों पर तो टैरिफ लगाया जा सकता है क्योंकि अमेरिका एवं इन विकसित देशों में परिस्थितियां लगभग समान है। परंतु विकासशील देशों जैसे भारत आदि में भिन्न परिस्थितियों के बीच तुलनात्मक रूप से अधिक परेशानियों का सामना करते हुए विनिर्माण क्षेत्र में कार्य हो रहा है, अतः विकसित देशों एवं विकासशील देशों को एक ही तराजू में कैसे तौला जा सकता है। विकासशील देशों ने तो अभी हाल ही में विकास की राह पर चलना शुरू किया है और इन देशों को अपने करोड़ों नागरिकों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाना है। इनके लिए विकसित देश बनने में अभी लम्बा समय लगना है। अतः विकसित देशों को इन देशों को विशेष दर्जा देकर इनकी आर्थिक मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। अमेरिका को विकसित देश बनने में 100 वर्ष से अधिक का समय लग गया है और फिर विकासशील देशों के साथ इनकी प्रतिस्पर्धा कैसे हो सकती है।

**– प्रहलाद सबनानी**

**-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं**

## समसामयिक

# विदेशी महिलाओं से दुष्कर्म से शर्मसार होता देश

अतिथि देवो भवः भारतीय संस्कार में मेहमान को भगवान का दर्जा दिया गया है, लेकिन आए दिन विदेशी मेहमानों के साथ हो रहे अपराध, यौन-दुराचार एवं व्यभिचार इसे धता बता रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद विदेशियों के साथ होने वाले अपराध कम नहीं हो रहे, ऐसी ही दो विदेशी महिलाओं संग हुई दरिंदगी की घटनाओं को सुन भारतीय लोगों का दिल दहल गया। कर्नाटक के हंपी में इस्राइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप की घटना का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। थोड़े-थोड़े अन्तराल के बाद होने वाली ऐसी घटनाएं न केवल शर्मसार कर रही है बल्कि भारत के संस्कारों एवं अस्मिता पर भी दाग लगा रही है। हाल के दिनों में भारत में यौन अपराधों की बाढ़-सी आई हुई है। न केवल विदेशी बल्कि भारतीय महिलाओं के साथ घृणित यौन अपराधों की इन तमाम घटनाओं को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस नैतिक पराभव का कारण क्या है? कहीं न कहीं ये जीवन मूल्यों में क्षरण एवं विकृत होती मानसिकता का भी परिचायक है। दरअसल, इंटरनेट और कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री की बाढ़-सी आई हुई है। देश का युवा उसकी चपेट में आकर भटकाव की राह में बढ़ रहा है, जिसे नियंत्रित करना सरकार एवं प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए एवं सामाजिक जागृति का माहौल भी बनाया जाना चाहिए।

निश्चय ही विदेशी महिलाओं के साथ होने वाले ऐसे घिनौने एवं दुराचारी कृत्य देश की छवि को धूमिल करने वाले है। हंपी की घटना तो भयावह थी, जिसमें रात में कैंपिंग कर रहे तीन पर्यटकों को नहर में फेंक दिया गया और तीन अपराधियों ने इस्राइली महिला व एक भारतीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नदी में फेंके गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जिसका शव बरामद कर लिया गया। पर्यटकों में एक अमेरिकी व दो भारतीय थे। बदमाशों ने न केवल दुष्कर्म किया बल्कि मारपीट व लूटपाट भी की। हालांकि, तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन देश की प्रतिष्ठा को जो आंच आई है, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं। इसने न सिर्फ समाज की छवि को धूमिल किया, बल्कि देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर भी प्रभाव डाला है। यह भारतीय पर्यटन को आहत कर सकता है, बहुत संभव है कि विदेशी सरकारें भारत आने वाले पर्यटकों को लेकर कोई नकारात्मक एडवाइजरी जारी करें।



समाज विज्ञानियों को आत्ममंथन करना होगा कि यौन अपराधों को लेकर सख्त कानून बनने के बावजूद इस आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? विदेशों में भारत की छवि यौन अपराधियों के चलते लगातार क्षत-विक्षत हो रही है। गाहे-बगाहे सुनसान पर्यटक स्थलों पर यौन दुर्व्यवहार की घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती हैं। लेकिन दिल्ली के एक होटल में एक ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म का मामला अधिक चिन्ताजनक है। एक युवक ने सोशल मीडिया पर दोस्ती करके भारत घूमने आई ब्रिटिश महिला को दिल्ली बुलाया और एक होटल में दुष्कर्म किया। इस मामले में ब्रिटिश दूतावास ने संज्ञान लिया है। सवाल है कि जब ऐसी कोई आपराधिक घटना हो जाती है और जनाक्रोश उभरता तथा मामला तूल पकड़ लेता है, तभी सरकार, प्रशासन एवं पुलिस की नींद क्यों खुलती है? यही सक्रियता अगर सामान्य स्थितियों में भी कायम रहे, तो शायद आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति के भीतर कानूनी कार्रवाई का डर बन सकता है और इस तरह ऐसे अपराधों को पहले ही रोका जा सकता है।

विदेशी महिलाओं के प्रति यह संवेदनहीनता एवं बर्बरता कब तक चलती रहेगी? भारत विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी कई हिस्सों में विदेशी महिलाओं को लेकर गलत धारणा एवं विकृत सोच कायम है जो भारत की गौरवपूर्ण संस्कृति को धुंधलाती है। देश की राजधानी दिल्ली में ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म की घटना ने एक बार फिर हमें शर्मसार किया है, झकझोर दिया है। बड़ा सवाल यह है कि नारी अस्मिता को कुचलने की हिंसक मानसिकता का तोड़ हम अब भी क्यों नहीं तलाश पा रहे हैं? क्यों नये-नये एवं सख्त कानून बन जाने के बावजूद नारी की अस्मिता एवं अस्तित्व असुरक्षित है? क्यों हमारे शहरों को 'रेप सिटी ऑफ द वर्ल्ड' कहा जाने लगा है। आखिर कब तक महिलाओं के साथ ये दरिन्दगीभरी एवं त्रासद घटनाएं होती रहेंगी? नारी की अस्मत का सरेआम लूटा जाना एवं उन पर हिंसा - एक घिनौना और त्रासद कालापृष्ठ है और उसने आम भारतीय को भीतर तक झकझोर दिया।

कौन मानेगा कि यह वही दिल्ली है, जो करीब तीन दशक पहले निर्भया के साथ हुई निर्ममता पर इस कदर आन्दोलित हो गई थी कि उसे इंसाफ दिलाने सड़कों पर निकल आई थी। जाहिर है, समाज की विकृत सोच को बदलना ज्यादा जरूरी है। रेप, यौन-दुष्कर्म, व्यभिचार जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रेपिस्टों एवं दुष्कर्मियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने और पुलिस व्यवस्था को और चाक-चौबंद करने की मांग के साथ समाज के मन-मिजाज को दुरुस्त करने का कठिन काम भी हाथ में लेना होगा। ये घटनाएं शिक्षित समाज के लिए बदनुमा दाग है। अगर ऐसी घटनाएं होती रहीं तो फिर कानून का खौफ किसी को नहीं रहेगा और अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी। कानून कितने भी क्यों न हों जब तक समाज स्वयं महिलाओं को सम्मान नहीं देगा तब तक कुछ नहीं हो सकता। समाज तमाशबीन बना रहेगा तो फिर कौन रोकेगा हैवानियत, दरिन्दगी को, बलात्कार को।

जैसे-जैसे देश आधुनिकता की तरफ बढ़ता जा रहा है, नया भारत-सशक्त भारत-शिक्षित भारत बनाने की कवायद हो रही है, वैसे-वैसे महिलाओं पर हिंसा एवं यौनाचार के नये-नये तरीके और आंकड़े भी बढ़ते जा रहे हैं। अवैध व्यापार, बदला लेने की नीयत से तेजाब डालने, साइबर अपराध, आनलाइन मित्रता और लिव इन रिलेशन के नाम पर यौन शोषण एवं हिंसा के तरीके हैं।

**-ललित गर्ग**

**-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं**

अतिथि देवो भवः भारतीय संस्कार में मेहमान को भगवान का दर्जा दिया गया है, लेकिन आए दिन विदेशी मेहमानों के साथ हो रहे अपराध, यौन-दुराचार एवं व्यभिचार इसे धता बता रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद विदेशियों के साथ होने वाले अपराध कम नहीं हो रहे, ऐसी ही दो विदेशी महिलाओं संग हुई दरिंदगी की घटनाओं को सुन भारतीय लोगों का दिल दहल गया। कर्नाटक के हंपी में इस्राइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप की घटना का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। थोड़े-थोड़े अन्तराल के बाद होने वाली ऐसी घटनाएं न केवल शर्मसार कर रही है बल्कि भारत के संस्कारों एवं अस्मिता पर भी दाग लगा रही है। हाल के दिनों में भारत में यौन अपराधों की बाढ़-सी आई हुई है।

## सोच-विचार

# फौजियों के बीच बीता था बिपिन रावत का बचपन, ऐसे बने थे देश के पहले CDS




16 मार्च को भारतीय सेना के जांबाज अधिकारी और देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत का जन्म हुआ था। बता दें कि साल 2019 में पहली बार भारत सरकार द्वारा सीडीएस के पद की घोषणा की गई। वहीं उस दौरान सेना प्रमुख बिपिन रावत को ही इस पद के लिए सबसे उपयुक्त माना गया। आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर बिपिन रावत के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...जन्म और परिवार

उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में 16 मार्च 1958 को बिपिन रावत का जन्म हुआ था। बिपिन रावत का पालन-पोषण एक ऐसे परिवार में हुआ था, जिसका भारतीय सेना की सेवा में एक लंबा इतिहास रहा है। बिपिन रावत के पिता लक्ष्मण सिंह रावत लेफ्टिनेंट-जनरल थे। वहीं बिपिन रावत भी बचपन से ही सेना में जाना चाहते थे। स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने इंडियन मिलिट्री अकेडमी में एडमिशन लिया और वह देहरादून पहुंच गए। यहां से उन्होंने फर्स्ट क्लास स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

### 'स्वॉर्ड ऑफ ऑनर'

उन्होंने देहरादून में भारतीय सैन्य अकादमी और खडकवासला में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से डिग्री प्राप्त की। यहां पर उनको 'स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' प्राप्त हुआ। फिर बाद में वह भारतीय सेना के उच्च माने जाने वाले जनरल अधिकारी बन गए। सेना प्रमुख के पद पर पदोन्नत होने से पहले बिपिन रावत ने कई सैन्य विभागों में सेवा की।

### उपलब्धियां

परम विशिष्ट सेवा पदक
उत्तम युद्ध सेवा पदक
अति विशिष्ट सेवा पदक
युद्ध सेवा पदक
सेना पदक
विशिष्ट सेवा पदक
सीओएएस कमेंडेशन
आर्मी कमांडर कमेंडेशन

जनरल बिपिन रावत ने सीमाओं की सुरक्षा के लिए गई साहसी फैसले लिए और सशस्त्र बलों के मनोबल को हमेशा ऊंचा रखने में अहम योगदान दिया। पूर्वोत्तर में उग्रवाद को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने कई बड़े अभियानों पर सफलता पाई थी।

### मृत्यु

बता दें कि तमिलनाडु के कुन्नूर के पास एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में 08 दिसंबर 2021 को जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका और भारतीय सशस्त्र बलों के 11 अधिकारियों की मौत हो गई थी।




## शनाया और आदर्श की फ्रेश जोड़ी धमाल मचाने के लिए तैयार

बालीवुड फिल्म 'तू या मैं' में शनाया कपूर और बाफ्टा नामांकित अभिनेता आदर्श गौरव की फ्रेश जोड़ी धमाल मचाने के लिए तैयार है। तुम्बाड और हसीन दिलरुबा जैसी यादगार फिल्मों को प्रस्तुत करने वाले प्रोडक्शन हाउस कलर येलो के बैनर तले बन रही यह फिल्म आनंद एल राय और बेजॉय नांबियार की पहली कोलैबोरेशन होगी। निर्देशक बेजॉय नांबियार के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का टीजर पहले ही दर्शकों को रोमांचित कर चुका है। फिल्म की कहानी रहस्यमयी बैकवॉटर्स में सेट की गई है, जहां रोमांस और सस्पेंस एक साथ कदमताल करते नजर आएंगे। 'तू या मैं' की पटकथा अभिषेक बांदेकर ने लिखी है और इसे हिमांशु शर्मा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी दो किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अलग-अलग सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हैं। यह विपरीत परिस्थितियां उनके जीवन में किस तरह की चुनौती खड़ी करेंगी, यही फिल्म का मुख्य आकर्षण होगा। फिल्म के बारे में बात करते हुए निर्देशक बेजॉय नांबियार ने कहा, हम रोमांस और अस्तित्व के बीच की रेखा को धुंधला करने की कोशिश कर रहे हैं। आदर्श और शनाया की जोड़ी और उनकी अलग-अलग एनर्जी इस कहानी में एक नई जान डालती है। यह फिल्म दर्शकों को भावनात्मक रूप से गहराई तक छूने के साथ-साथ रोमांच का नया अनुभव भी कराएगी। वहीं, आनंद एल राय का कहना है कि तू या मैं एक अनप्रेडिक्टेबल फिल्म है, जिसमें कोई तयशुदा फॉर्मूला नहीं है। उन्होंने कहा, इस फिल्म की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह दर्शकों को अंत तक बांधे रखेगी। हमें ऐसे कलाकारों की जरूरत थी, जो अपने किरदारों में पूरी तरह ढल जाएं और पर्दे पर अलग ही जादू बिखेरें। आदर्श और शनाया इस फिल्म के लिए परफेक्ट चॉइस हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी, साउंडट्रैक और कहानी दर्शकों के लिए एक खास अनुभव लेकर आएगी। इसे 14 फरवरी 2026 यानी वैलेंटाइन्स डे के मौके पर रिलीज किया जाएगा। इसे 'परफेक्ट डेट-नाइट थ्रिलर' के रूप में पेश किया जा रहा है, जो दर्शकों को रोमांस और रोमांच के एक साथ होने का अनोखा अहसास कराएगी। कलर येलो प्रोडक्शन हाउस इस फिल्म के जरिए एक बार फिर दर्शकों को नया सिनेमाई अनुभव देने की तैयारी में है। यह फिल्म रोमांस, थ्रिल और अस्तित्व की जंग का अनूठा संगम होगी, जिसे चर्चित निर्देशक बेजॉय नांबियार निर्देशित कर रहे हैं।

## जिम में पसीना बहाकर किया है वजन कम: रामकपूर

बीते कई दिनों से एक्टर राम कपूर चर्चा में बने हुए हैं। उनके वेट लॉस पर लोगों की नजरें टिक गईं। कई लोगों ने सवाल खड़े किए कि आखिर उन्होंने अपना वजन कैसे कम किया है। कई लोगों ने कहा कि उन्होंने ओजम्पिक उपचार लिया है, जिस पर बीते दिनों उन्होंने सफाई दी। इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने इस तरह का कोई उपचार नहीं लिया। साथ ही बताया कि जिम में पसीना बहाकर और मेहनत करके उन्होंने अपना वजन कम किया है। अब इसी बीच निर्माता एकता कपूर ने अभिनेता राम कपूर पर कटाक्ष किया। बड़े अच्छे लगते हैं का निर्माण एकता कपूर ने किया था। इसमें राम कपूर और साक्षी तंवर मुख्य जोड़ी के रूप में थे। उन्हें प्रशंसकों ने बेहद पसंद किया और शो बहुत हिट हुआ। इंस्टाग्राम पर अपने हालिया पोस्ट में एकता कपूर ने अपने प्रशंसकों से वजन कम करने के लिए सुझाव मांगे। एकता के शो बड़े अच्छे लगते हैं में अभिनय करने वाले अभिनेता राम कपूर ने हाल ही में दावा किया था कि उनका 55 किलो वजन कम होना ओजम्पिक या सर्जरी की वजह से नहीं था। अपने इंस्टाग्राम वीडियो में एकता ने कहा कि हाल ही में उनका वजन काफी बढ़ गया है और इसे कम करने के लिए उन्हें सुझावों की जरूरत है। उन्होंने कहा, मुझे क्या करना चाहिए, मेरा वजन काफी बढ़ गया है। क्या मुझे एंटी-इंफ्लेमेटरी डाइट लेनी चाहिए? मौनजारो? ओजम्पिक? ये सब? अपना मुंह बंद कर लूं? या छोड़ दूं? हम बड़े ही अच्छे लगते हैं! कैप्शन में उन्होंने लिखा, ओजम्पिक हो जाए। हाल ही में राम कपूर ने अपने वजन घटाने के बाद आए बदलाव से इंटरनेट यूजर्स को चौंका दिया था। पिछले महीने उन्होंने यह बताने के लिए एक इंस्टाग्राम वीडियो बनाया कि बहुत से लोग उनसे पूछ रहे हैं कि क्या वह ओजम्पिक या अन्य दवाओं पर हैं या 55 किलो वजन कम करने के लिए कोई सर्जरी करवाई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह ओजम्पिक पर नहीं हैं और उन्होंने अपनी फिटनेस पर कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा, चार से छह महीनों के भीतर, मैं ब्लॉक के साथ एक रॉक सॉलिड 6-पैक पाने जा रहा हूं।



# मेरे ख्याल से शादी सिर्फ एक स्टैंप होती है: डीनो मोरिया



49 साल की उम्र में भी बॉलीवुड एक्टर डीनो मोरिया अब तक कुंवारे हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने कंफर्म कर दिया कि वह रिलेशनशिप में हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान डीनो मोरिया ने प्यार, रिश्तों और शादी को लेकर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, मेरे ख्याल से शादी सिर्फ एक स्टैंप होती है, एक कॉन्ट्रैक्ट, जो कहता है कि तुम दोनों साथ में जिंदगी बिताओगे। लेकिन अब मेरा मानना है कि यह सिर्फ समाज की बनाई हुई चीज है। अगर किसी रिश्ते में दिक्कतें आ रही हैं और चीजें ठीक नहीं हो रही हैं, तो उसे जबरदस्ती निभाने की जरूरत नहीं है। डीनो ने पहली बार खुलासा किया कि बिपाशा बसु से ब्रेकअप का फैसला उन्होंने खुद लिया था। उन्होंने बताया कि जब राज फिल्म के दौरान हम अलग हो रहे थे, तो बिपाशा के लिए यह बहुत मुश्किल था। लेकिन हमारे बीच कुछ मुद्दे थे, जिनकी वजह से मुझे यह फैसला लेना पड़ा। हम इसे ठीक करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन चीजें बेहतर नहीं हो रही थीं। मैंने मूव ऑन करने का फैसला किया। डीनो मोरिया का मानना है कि प्यार सबसे खूबसूरत चीज है और हर किसी को इसे महसूस करना चाहिए। उन्होंने कहा, आप इस धरती पर प्यार फैलाने के लिए आए हैं। अपने परिवार, दोस्तों और यहां तक कि अपने पालतू जानवरों से भी प्यार करें। जितना प्यार आप देंगे, उतना ही प्यार आपको वापस मिलेगा। अगर उनके करियर की बात करें तो डीनो मोरिया ने 1999 में फिल्म प्यार में कभी कभी से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि, 2002 में रिलीज हुई हॉरर फिल्म राज ने उन्हें जबरदस्त पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने गुमराह, गुमनाम, श्श्श, फाइट क्लब और इश्क है तुमसे जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन वह इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान नहीं बना सके। हालांकि, अब वह वेब सीरीज और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में सक्रिय नजर आ रहे हैं। बता दें कि बॉलीवुड एक्टर डीनो मोरिया अपनी फिल्मों के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहे हैं। उनका नाम बिपाशा बसु, नंदिता महतानी और लारा दत्ता जैसी एक्ट्रेसेस के साथ जुड़ा, लेकिन उनका कोई भी रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं टिक पाया।

## जल्द रिलीज होगा सनी देओल की फिल्म जाट का ट्रेलर




बॉलीवुड के माचो हीरो सनी देओल ने बताया है कि उनकी आने वाली फिल्म जाट का ट्रेलर जल्द रिलीज होगा। सनी देओल अपनी अगली एक्शन ड्रामा फिल्म 'जाट' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में फिल्म 'जाट' के निर्माताओं ने इस फिल्म का नया टीजर रिलीज किया था, जिसमें सनी देओल धमाकेदार एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। एक्शन से भरे सीन में सनी देओल और रणदीप हुड्डा के बीच जबरदस्त मुकाबला नजर आया। सनी देओल ने अब इस फिल्म के सेट से पर्दे के पीछे की फुटेज वाला एक खास वीडियो शेयर किया और यह भी घोषणा की कि ट्रेलर जल्द ही रिलीज किया जाएगा। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर सनी ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्हें सेट का दौरा करते हुए देखा गया। वीडियो साझा करते हुए सनी देओल ने कैप्शन में लिखा, 'जाट ट्रेलर जल्द ही आ रहा है। तेरा जाट। गोपिचंद मालिनेनी निर्देशित फिल्म जाट में सनी देओल मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण मायथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्टरी के सहयोग से किया गया है। फिल्म के हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस को अनल अरासु, राम लक्ष्मण और वेंकट ने शानदार ढंग से तैयार किया है। थमन एस का जोशीला संगीत और ऋषि पंजाबी की शानदार सिनेमैटोग्राफी फिल्म के अनुभव को और बेहतर बनाती है। नवीन नूली ने संपादन और अविनाश कोल्ला ने प्रोडक्शन डिज़ाइन किया है। फिल्म जाट 10 अप्रैल को रिलीज होगी।

## पर्दे पर 'सुपर आइकॉनिक' श्रीदेवी का किरदार निभाना चाहती हैं तमन्ना भाटिया



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया स्क्रीन पर दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की भूमिका निभाना चाहती हैं। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि उनकी यह तमन्ना है कि वह सुपर आइकॉनिक अभिनेत्री की भूमिका को पर्दे पर उतारें। ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर में लेबल ब्लोनी के लिए शोस्टॉपर बनीं तमन्ना से जब पूछा गया कि वह स्क्रीन पर किस अभिनेत्री के किरदार को निभाना चाहेंगी, तो उन्होंने आइकॉनिक एक्ट्रेस श्रीदेवी का नाम लिया। तमन्ना ने कहा, 'मैं श्रीदेवी का किरदार निभाना चाहूंगी। वह सुपर आइकॉनिक थीं और वह ऐसी शख्सियत हैं जिनकी मैं प्रशंसक रही हूं।' भारतीय सिनेमा की 'पहली महिला सुपरस्टार' के रूप में लोकप्रिय श्रीदेवी ने कॉमेडी से लेकर फैमिली ड्रामा तक, विभिन्न विधाओं के साथ सिनेमा के हर हिस्से को छुआ। वह भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, मगर वह शानदार फिल्मों के जरिए हमेशा जिंदा रहेंगी। श्रीदेवी हिंदी के साथ तेलुगू, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषा की फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में 'मिस्टर इंडिया', 'खुदा गवाह', 'लाडला', 'जुदाई', 'इंग्लिश विंग्लिश', 'मॉम' जैसी शानदार फिल्मों में काम किया। श्रीदेवी की आखिरी फिल्म 'मॉम' थी, जो 2017 में रिलीज हुई थी। श्रीदेवी की पहली हिंदी फिल्म सोलहवां सावन (1979) थी। इससे पहले वह फिल्म जूली में मेन लीड की बहन के रूप में दिखी थीं। तमन्ना के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह पिछली बार नीरज पांडे के निर्देशन में बनी फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर' में नजर आई थीं, जिसमें उनके साथ जिमी शेरगिल, अविनाश तिवारी, राजीव मेहता और दिव्या दत्ता अहम भूमिकाओं में हैं। तमन्ना जल्द ही अशोक तेजा के निर्देशन में तैयार फिल्म ओडेला 2 में नजर आएंगी। संपत नंदी ने फिल्म की कहानी लिखी है। फिल्म में तमन्ना, हेबाह पटेल और वशिष्ठ एन. सिम्हा के साथ नागा महेश, वामसी, गगन विहारी, सुरेंद्र रेड्डी और पूजा रेड्डी भी अहम भूमिकाओं में हैं। ओडेला तेलंगाना के ओडेला गांव में हुई वास्तविक घटनाओं पर आधारित है।

## आमिर अली को मिला नया प्यार



टीवी के मशहूर अभिनेता आमिर अली ने अपनी शानदार एक्टिंग से छोटे पर्दे पर खास पहचान बनाई है। उन्होंने कई टीवी शोज और वेब सीरीज में काम किया है। हालांकि, उनकी प्रोफेशनल लाइफ जितनी सफल रही, उनकी पर्सनल लाइफ उतनी ही उतार-चढ़ाव भरी रही। चार साल पहले उनकी शादी एक्ट्रेस संजीदा शेख से टूट गई थी। लेकिन अब आमिर अली की जिंदगी में फिर से प्यार ने दस्तक दी है। आमिर अली ने हाल ही में पुष्टि की कि वह एक्ट्रेस और कंटेंट क्रिएटर अंकिता कुकरेती को डेट कर रहे हैं। दोनों की बॉन्डिंग को देखकर फैंस बेहद खुश हैं। हाल ही में होली सेलिब्रेशन के दौरान आमिर और अंकिता ने अपनी रोमांटिक तस्वीरें शेयर की थीं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। अंकिता कुकरेती बॉलीवुड स्टार्स विवेक ओबेरॉय और ऋतिक रोशन के साथ काम कर चुकी हैं। इसके अलावा, वह कई विज्ञापनों में भी नजर आई हैं और उनका खुद का एक यूट्यूब चैनल भी है। मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली अंकिता फिलहाल मुंबई में रहकर अपने करियर पर फोकस कर रही हैं।

## बादशाह का वीडियो देख फैंस हैरान

हाल ही में बॉलीवुड के मशहूर रैपर बादशाह ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसे देखने के बाद उनके फैंस शॉक्ड हो गए। उन्होंने जो वीडियो शेयर किया, वह कुछ खास था और इस वीडियो ने उनके फैंस को हैरान कर दिया। रैपर बादशाह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया, जो उनके खुद के क्लोथिंग ब्रांड के प्रमोशन के लिए था। लेकिन इस वीडियो में उनके लुक्स और बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन पर सबकी नजरें टिकी रह गईं। वीडियो में बादशाह पहले से बहुत अधिक फिट नजर आ रहे थे। उन्होंने काफी फैट कम कर लिया है और अब वह काफी स्लिम और फिट हो गए हैं। उनके इस जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन को देखकर उनके फैंस की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। बादशाह का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर फैंस ने जमकर कमेंट्स करना शुरू कर दिए हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, हनी सिंह की वापसी के डर से बादशाह ने खाना बंद कर दिया था। वहीं दूसरे यूजर ने कहा, आप बेहद हैंडसम लग रहे हो। एक तीसरे यूजर ने कहा, यह वीडियो फेक लग रहा है। कुछ फैंस ने बादशाह की तुलना एपी ढिल्लो से करते हुए लिखा, आप एपी ढिल्लो में कैसे ट्रांसफॉर्म हो गए? इस वीडियो के बाद बादशाह की फिटनेस को लेकर फैंस की तरफ से बहुत सारे कमेंट्स और तारीफें आ रही हैं।



## रोजलिन ने हिना खान की बीमारी को फिर बताया 'फेक'

एक्ट्रेस रोजलिन खान ने एक बार फिर एक्ट्रेस हिना खान की बीमारी को बीमारी को 'फेक' बताया है। इससे पहले भी रोजलिन हिना के कैंसर को लेकर संदेह जता चुकी हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान, रोजलिन खान ने हिना खान के कैंसर को लेकर कहा कि उन्हें नहीं लगता कि मामला उतना गंभीर है जितना हिना दिखा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि स्टेज 3 कैंसर से जूझ रहे मरीज और कीमोथेरेपी के दौरान सर्जरी कराने वाले लोग लंबे समय तक उपवास नहीं कर सकते। हालांकि उन्होंने हिना का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया, लेकिन उनके बयान से यह साफ झलक रहा था कि उनका इशारा हिना खान की ओर था। इतना ही नहीं, रोजलिन खान ने कहा कि वह जल्द ही कैंसर अवेयरनेस पर एक फिल्म बनाने वाली हैं, जिसमें वह हिना खान को कास्ट करने पर विचार कर रही हैं। उन्होंने हिना की एक्टिंग की तारीफ करते हुए कहा कि वह इस विषय पर बेहतरीन तरीके से अभिनय कर सकती हैं। इस दौरान रोजलिन ने अपनी कैंसर सर्वाइवल जर्नी भी साझा की और बताया कि उन्होंने इस गंभीर बीमारी से किस तरह संघर्ष किया और खुद को मजबूत बनाए रखा। उन्होंने कहा कि जो लोग कैंसर जैसी घातक बीमारी से जूझ रहे हैं, उन्हें सोशल मीडिया पर फैल रही किसी भी जानकारी पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि उन्हें सिर्फ अपने डॉक्टर की सलाह पर ही ध्यान देना चाहिए और उसी के मुताबिक इलाज कराना चाहिए। रोजलिन ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर कई बार गलत जानकारियां फैलाई जाती हैं, जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कैंसर जैसी बीमारी के बारे में किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। हिना खान को लेकर आए इस बयान पर फिलहाल हिना की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, इससे पहले जब रोजलिन ने उनकी बीमारी पर सवाल उठाए थे, तब हिना ने उन्हें नजरअंदाज करने का फैसला किया था। अब देखना होगा कि इस नए बयान पर हिना कोई जवाब देती हैं या फिर पहले की तरह चुप्पी साधे रहती हैं। बता दें कि टीवी एक्ट्रेस हिना खान ने जब से अपने ब्रेस्ट कैंसर की तीसरी स्टेज से पीड़ित होने की खबर साझा की है, तब से वह लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। फैंस और इंडस्ट्री के उनके साथी जहां हिना के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।





# अर्थराइटिस
## निराशा को बदलें आशा में



जोड़ों में सूजन और दर्द से संबंधित अर्थराइटिस नामक रोग के अनेक प्रकार हैं। इस मर्ज के कारण पीड़ित व्यक्ति का चलना-फिरना भी मुश्किल हो जाता है। दुनियाभर में खासकर भारत में अर्थराइटिस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। तभी तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इस बीमारी के बढ़ने पर चिंता जतायी है।

ऑस्टियो अर्थराइटिस को दें आघात

आम तौर पर जिंदगी के उत्तरार्द्ध (50 साल की उम्र के बाद) में जोड़ों (ज्वाइंट्स) की कार्टिलेज के घिसने या उनमें टूट-फूट होने के कारण ऑस्टियो अर्थराइटिस की समस्या पैदा होती है। यह साइनोवियल ज्वाइंट्स से संबंधित बीमारी है, जो धीरे-धीरे शरीर पर अपना दुष्प्रभाव दिखाती है। इस रोग के बढ़ने पर सबकॉन्ड्रल नामक हड्डी मोटी हो जाती है, जिस कारण ऑस्टियोफाइट (हड्डी का एक अंश) का निर्माण होने लगता है और अंततः जोड़ टेढ़े-मेढ़े या तिरछे हो जाते हैं।



### नई रिसर्च के नतीजे

- कुछ खास जेनेटिक कारण भी ऑस्टियो-अर्थराइटिस के लिए जिम्मेदार हैं।
- मेनोपॉज या रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं के शरीर में होने वाले हार्मोनों के स्तर में बदलाव से महिलाओं में ऑस्टियो- अर्थराइटिस के होने का जोखिम बढ़ जाता है।
- मोटापे के कारण जोड़ों पर दबाव पड़ता है, जिसके कारण इन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में मोटापे से ग्रस्त रहने की संभावना ज्यादा रहती है।

### लक्षण

- देश की महिलाओं में ऑस्टियो-अर्थराइटिस का असर उनके हाथों और घुटनों पर कहीं ज्यादा पड़ता है।
- जोड़ों में दर्द और सूजन होना।
- जोड़ों में जकड़न होना या फिर इनका जाम होना।
- चलने-फिरने और दैनिक कार्यो को करने में दिक्कत महसूस होना।
- फर्श पर बैठने-उठने और पाल्थी मारकर बैठने में परेशानी महसूस करना।

जांचें- विशेषज्ञ डॉक्टर जोड़ों की स्थिति का क्लीनिकल एग्जामिनेशन करते हैं कि जोड़ किस हद तक विकारग्रस्त हो चुके हैं और पीड़ित व्यक्ति की दिनचर्या पर कितना प्रतिकूल असर पड़ा है। इसके अलावा प्रमुख जांच एक्सरे है। रक्त परीक्षण भी कराए जाते हैं। रक्त परीक्षण से यह सुनिश्चित होता है कि किसी अन्य कारण से मरीज को अर्थराइटिस तो नहीं है।

शुरुआती इलाज रोग की शुरुआती अवस्था में पेनकिलर्स का इस्तेमाल, मरहम या जेल, गर्म पानी से सिकाई या मालिश करना, सर्पोर्टिंग उपकरण और व्यायाम कराए जाते हैं। इसके अलावा रोगी को कुछ विशिष्ट कॉन्ड्रोजेनिक मेडिसिन्स (कार्टिलेज का पुनर्निर्माण करने वाली दवाएं) दी जाती हैं।

सर्जिकल इलाज- रोग की शुरुआती अवस्था में आर्थोस्कोपिक प्रक्रियाओं जैसे ज्वाइंट डिब्राइडमेंट (जोड़ के अंदर पालिश करना)आदि से कुछ हद तक राहत मिलती है।

हाई टिबियल ऑस्टियोटॅमी - अगर रोग का प्रकोप गंभीर अवस्था में नहीं है, तो और मरीज की उम्र लगभग 50 या 55 से कम है, तो इस स्थिति में हाई टिबियल ऑस्टियोटॅमी से राहत मिल जाती है और इस प्रकार जोड़ प्रत्यारोपण की संभावना स्थगित हो जाती है।

अंतिम कारगर इलाज जब इलाज के उपर्युक्त विकल्पों से ऑस्टियो-अर्थराइटिस से ग्रस्त व्यक्तियों को राहत नहीं मिलती, तो इस स्थिति में पूर्ण जोड़ प्रत्यारोपण (टोटल ज्वाइंट्स रिप्लेसमेंट) किया जाता है। ऐसे प्रत्यारोपण में प्रमुख रूप से घुटने और कूल्हे के प्रत्यारोपण को शामिल किया जाता है। घुटना (नी)और कूल्हा (हिप) प्रत्यारोपण के क्षेत्र में नवीनतन तकनीकों से युक्त ऐसे कृत्रिम घुटने व कृत्रिम कूल्हे आ चुके हैं, जो कुदरती स्वस्थ घुटने व कूल्हे की तरह ही कार्य करते हैं।

## बच्चों और किशोरों में अर्थराइटिस

लगभग 6 महीने से 18 वर्ष तक के हर 250 बच्चों या किशोरों में से एक बच्चा या किशोर किसी न किसी प्रकार की गठिया (अर्थराइटिस)से पीड़ित है। बच्चों को प्रभावित करने वाली गठिया लगभग 16 प्रकार की होती है, परन्तु इनमें से मुख्य रूप से जुवेनाइल र्यूमैटॉइड अर्थराइटिस, र्यूमैटिक अर्थराइटिस,इंट्रो-अर्थराइटिस, एक्यूट ट्राजिएंट अर्थराइटिस, सेप्टिक अर्थराइटिस, ट्यूबरकुलर अर्थराइटिस आदि मुख्य रूप से बच्चों और किशोरों को प्रभावित करते हैं। इलाज द्वारा इन रोगों पर इस हद तक काबू पाना कि वह बच्चे की पढ़ाई या रोजमर्रा की जिंदगी में बाधा न बने अपने आप में एक चुनौती है।



जुवेनाइल र्यूमैटॉइड अर्थराइटिस

जुवेनाइल र्यूमैटॉइड अर्थराइटिस गठिया से प्रभावित लगभग 10 प्रतिशत बच्चों में पाया जाता है। हर 1000 बच्चों में से एक बच्चा इससे प्रभावित होता है। भारत में लगभग 15 लाख बच्चे इससे पीड़ित हैं। आम तौर पर यह अर्थराइटिस 16 वर्ष की आयु से पहले कभी भी हो सकता है। यह रोग शरीर के रोग-प्रतिरोधक तंत्र (इम्यून सिस्टम) में विकार आने से उत्पन्न होता है। लगभग 60 प्रतिशत प्रभावित बच्चों में इसका सीधा संबंध माइकोप्लाज्मा नामक जीवाणु से माना जाता है।

लक्षण

- एक या एक से अधिक जोड़ों में दर्द और सूजन का होना।
- बुखार आना।
- आंखों में सूजन और लालिमा का होना।
- उपर्युक्त लक्षण छह हफ्ते से लेकर तीन महीने तक कायम रह सकते हैं।
- रक्त में हीमोग्लोबिन का कम होना और व्हाइट ब्लड सेल्स ज्यादा पायी जाती हैं।

इलाज- यदि जुवेनाइल र्यूमैटॉइड अर्थराइटिस का विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा समय से इलाज कराया जाए, तो जोड़ों को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सकता है। ज्यादातर बच्चों को सूजन की दवाओं के अतिरिक्त डिजीज मॉडीफाइंग ड्रग्स भी देनी पड़ती हैं।

र्यूमैटिक अर्थराइटिस- र्यूमैटिक अर्थराइटिस की शुरुआत गला खराब करने वाले स्ट्रेप्टोकोकॅल नामक जीवाणुओं द्वारा होती है। इसलिए इसे पोस्ट-स्ट्रेप्टोकोकॅल अर्थराइटिस भी कहते हैं। अक्सर यह अर्थराइटिस र्यूमैटिक फीवर के साथ शुरू होती है और कभी-कभी इससे हृदय भी प्रभावित होता है, जिसे र्यूमैटिक हार्ट डिजीज के नाम से जाना जाता है। इस रोग की जांचों में ए. एस. ओ. टाइटर का बढ़ा होना, ई. एस. आर. और सी. आर. पी. का बढ़ा होना पाया जाता है। इसमें 16 से 17 वर्ष की उम्र तक इलाज कराना पड़ता है।

बच्चों और किशोरों में तीसरे प्रकार की गठिया स्पॉन्डिलोआर्थो पैथी समूह से संबंधित है और यह भी शरीर के रोगप्रतिरोधक तंत्र (इम्यून सिस्टम) में विकार आने से उत्पन्न होती है। आम तौर पर इस प्रकार की गठिया (अर्थराइटिस) में मेरुदंड (स्पाइनल कॉर्ड) और हाथ व पैर के बड़े जोड़ प्रभावित होते हैं। इसमें भी विशेष प्रकार की इम्यूनो-मॉड्यूलेटर दवाओं की आवश्यकता होती है।

## हिप अर्थराइटिस को हराएं

जब कूल्हे के जोड़ में दर्द की समस्या उत्पन्न हो जाए और कूल्हे की गतिविधि (मूवमेंट) में लगातार दिक्कत महसूस हो, तो इस स्थिति को सामान्य भाषा में कूल्हे (हिप) की अर्थराइटिस कहा जाता है।

देश में घुटने की अर्थराइटिस के मामले ज्यादा सामने आते हैं, लेकिन संपन्न विकसित देशों में कूल्हे की अर्थराइटिस के मामले घुटने की अर्थराइटिस से कहीं ज्यादा सामने आते हैं। इसके बावजूद यह भी सच है कि देश में युवा वर्ग के लोग भी कूल्हे की समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं। जो युवक शराब का नियमित रूप से सेवन करते हैं, उनके कूल्हे की हड्डी में रक्त का संचार (सर्कुलेशन) कम होने लगता है और धीरे-धीरे कूल्हा कमजोर होने लगता है। इस समस्या को एवैस्कुलर नेक्रोसिस कहा जाता है।

### कारण

कूल्हे की अर्थराइटिस के लिए पांच कारण प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं..

- एवैस्कुलर नेक्रोसिस की समस्या।
- पोस्ट ट्रॉमेटिक अर्थराइटिस( कूल्हे की हड्डी में चोट लगने के कारण)।
- एनकाइलोसिंग स्पॉन्डिलाइटिस के कारण।
- र्यूमैटाइड अर्थराइटिस।
- टीबी. के संक्रमण का दुष्प्रभाव।

### लक्षण

- कूल्हे में दर्द का बरकरार रहना।
- चाल में लंगड़ाहट।
- पाल्थी मारने में विफल रहना।
- चलने फिरने की क्षमता का कम होना।

जांचे- एक्सरे और जरूरत पड़ने पर सीटी स्कैन और एमआरआई।

इलाज - अगर पीड़ित व्यक्ति का मर्ज शुरुआती स्थिति में है, तो उसे दवाएं लेने, फिजियोथेरेपी कराने और आराम करने की सलाह दी जाती है। जब अन्य चिकित्सकीय उपचार विफल हो जाते हैं, तब कूल्हे का प्रत्यारोपण (हिप रिप्लेसमेंट) ही एकमात्र कारगर विकल्प होता है। ऐसा प्रत्यारोपण लगभग 100 फीसदी सुरक्षित है। नवीनतम तकनीकों से तैयार हुए कृत्रिम कूल्हे अब काफी हद तक कुदरती स्वस्थ कूल्हे की तरह कार्य करते हैं। प्रत्यारोपण के बाद व्यक्ति खेलकूद और अन्य शारीरिक गतिविधियों में भाग ले सकता है।



## इस्कीमिक स्ट्रोक
### लापरवाही बन सकती है जानलेवा

हाई ब्लडप्रेशर, मधुमेह (डाइबिटीज) के साथ अनियमित दिनचर्या और तनाव के कारण जीवन-शैली से संबंधित रोगों में तेजी से वृद्धि हो रही है। ऐसे रोगों के बीच स्ट्रोक या ब्रेन अटैक शायद सबसे घातक है, लेकिन दुख की बात है कि लगातार इसके भयानक परिणाम बढ़ते जा रहे हैं।

### इस्कीमिक स्ट्रोक की स्थिति

इस स्ट्रोक का अटैक रक्त प्रवाह ब्लड सर्कुलेशन में अवरोध उत्पन्न होने के कारण होता है। स्ट्रोक के कारण कुछ मस्तिष्क कोशिकाएं तुरंत ही मृत हो जाती हैं। स्ट्रोक के बाद मस्तिष्क का कुछ भाग ऐसा होता है, जो कार्य नहीं कर रहा होता है, लेकिन यह पूरी तरह से मृत भी नहीं होता है। इस स्थिति में यदि शीघ्र ही मस्तिष्क में रक्त की आपूर्ति की जाए, तो मस्तिष्क के इस भाग को बचाकर मरीज की स्ट्रोक से रिकवरी संभव है।

**लक्षण-** ब्रेन अटैक के लक्षणों को अंग्रेजी शब्द- फास्ट से सरल रूप से समझा जा सकता है।

एफ- फेस ड्रूपिंग यानी चेहरे का एक तरफ से लटक जाना या सुन्न हो जाना।

ए- आर्म वीकनेस यानी हाथों में अचानक सुन्नपन। यदि व्यक्ति से दोनों हाथों को उठाने के लिए कहा जाएगा, तो उसका एक हाथ नीचे की तरफ झुका रहेगा।

एस स्पीच डिफिकल्टी यानी बोलने या समझने में अचानक दिक्कत।

टी- टाइम यानी बिना देरी किए शीघ्र ऐसे अस्पताल पहुंचें, जहां पर स्ट्रोक का इलाज संभव हो।

फास्ट के अतिरिक्त वे लक्षण जिन्हें जानना जरूरी है- अचानक दोनों आंखों से स्पष्ट देखने में तकलीफ




होना। अचानक से चलने या बैलेंस करने में परेशानी। चक्कर आना। अचानक बिना कारण सिर में तेज दर्द होना।

**उपचार-** इस्कीमिक स्ट्रोक में उपचार के अंतर्गत एक छोटे ट्यूब (कैथेटर) को पैर की खून की नली (धमनी या आर्टरी) के मार्ग से मस्तिष्क तक ले जाया जाता है। रक्त के जिस क्लॉट ने मस्तिष्क को रक्त पहुंचाने वाली नली को अवरुद्ध किया होता है, उसे एक विशेष विधि से मस्तिष्क से बाहर निकाल देते हैं। इस प्रक्रिया के बाद मस्तिष्क में रक्तसंचार सामान्य हो जाता है। इस कारण मरीज शीघ्र ही स्वास्थ्य लाभ करता है।

## निरोग रहने के लिए
# क्या करें

- सिर को गर्मी से, छाती को सर्दी से तथा आंखों को तेज हवा, धूल-मिट्टी, धुएं और तेज रोशनी से बचाकर रखें।
- कृत्रिम सौंदर्य प्रसाधनों (कास्मैटिक्स, मेकअप) का प्रयोग न करें, क्योंकि ये त्वचा के रोमछिद्रों को बंद करके त्वचा को नुक्सान पहुंचाते हैं।
- मल, मूत्र, उल्टी, छींक, डकार, भूख, प्यास आदि वेगों को कभी न रोकें, क्योंकि इन्हें रोकने से रोग उत्पन्न होते हैं।
- गर्म भोजन करने के बाद, दूध पीने के बाद, खीरा, तरबूज, खरबूजा और ककड़ी खाने के बाद, सो कर उठने के तुरंत बाद तथा अधिक शारीरिक परिश्रम के तुरंत बाद पानी न पिएं।
- मन में कामुक विचार न लाएं, कामुक चिंतन से बचें।
- हमेशा सभी के लिए मन में शुभ विचार रखें, हमेशा मुस्कुराते रहें।
- हर परिस्थिति में शांत, सहज बने रहें, हमेशा प्रसन्नचित रहें।
- कोई भी कार्य जल्दबाजी में न करें। ऐसा करने से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।
- ज्यादा ऊंची हील वाले चप्पल-जूते न पहनें, ये स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालते हैं।
- हमेशा ढीले-ढाले वस्त्र पहनें,अत्यधिक तंग वस्त्र शरीर के अंगों पर अनावश्यक दबाव डालते हैं।
- कड़े बिस्तर पर सोएं, बिस्तर अत्यधिक मुलायम और गद्देदार नहीं होना चाहिए।



## प्राणघातक हो सकती है कैल्शियम की कमी



कैल्शियम को सदा से ही मजबूत हड्डियों और दांतों के लिए आवश्यक माना जाता रहा है किन्तु नए शोधों के अनुसार इसके अतिरिक्त भी कैल्शियम हमारे शरीर के लिए कई बीमारियों को दूर रखने में सहायता करता है। हड्डियां हमारे शरीर के लिए कैल्शियम के स्टोर का कार्य करती हैं जहां से आवश्यकतानुसार शरीर कैल्शियम लेता रहता है।

हमारे भोजन से हड्डियों को कैल्शियम मिलने और हड्डियों से शरीर को कैल्शियम मिलने की प्रक्रिया हेतु विटामिन 'डी' की उपस्थिति अनिवार्य है। विशेषज्ञों के अनुसार हर वयस्क को न्यूनतम 1000 मिलीग्राम कैल्शियम की दैनिक आपूर्ति होनी आवश्यक है। यदि भोजन से इतना कैल्शियम नहीं मिल पाता तो हमारे शरीर को पैराथायराइड हार्मोन विटामिन 'डी' के सहयोग से हड्डियों से रक्त का कैल्शियम स्थानांतरित कर देता है। यदि व्यक्ति के भोजन में लगातार कैल्शियम या विटामिन 'डी' की कमी चलती रहे तो उसकी हड्डियां कमजोर हो जाएंगी। नवीन शोधों के अनुसार कैल्शियम की कमी का निम्न रोगों पर भी प्रभाव पड़ता है।

उच्च रक्तचाप - मनुष्य के रक्तचाप पर कई चीजों का प्रभाव पड़ता है। शरीर का वजन, शारीरिक गतिविधि, नमक व पारिवारिक पृष्ठभूमि का रक्तचाप पर प्रायः प्रभाव पड़ता है किन्तु अब शोधों से पता चला है कि शरीर में कैल्शियम की कमी से आयु के साथ रक्तचाप में भी प्रभाव पड़ता है।

1997 में अमरीका में पाया गया है कि कम वसा वाले दूध, फल और सब्जियों के नियमित प्रयोग से (जिसमें लगभग 1200 मिलीग्राम कैल्शियम हो) रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता है। यह नहीं कि कैल्शियम के साथ नमक अधिक लिया जाए किन्तु अधिक नमक और कम कैल्शियम खाने वाले व्यक्ति में उच्च रक्तचाप की संभावना बढ़ जाती है।

डा. डेविड मैकरोन के अनुसार कम नमक वाले भोजन के स्थान पर दूध से बने पदार्थ उच्च रक्तचाप को काबू करने में अधिक प्रभावशाली हैं। उनके अनुसार अधिकतर बच्चे कैल्शियम की सही मात्रा नहीं लेते क्योंकि वे दूध, फल और सब्जी का सही मात्रा में सेवन नहीं करते।

कैंसर - हमारे शरीर में बहुत से सैल बनते रहते हैं और समाप्त होते रहते हैं । पेट के अंदर ऐसे सैल प्रायः 3 से 10 दिन में बदल जाते हैं पर कभी-कभी ये सैल तीव्र गति से बढ़ने लगते हैं, जिससे पेट के कैंसर की संभावना हो सकती है। अमरीकन मैडीकल एसोसिएशन जर्नल में प्रकाशित एक लेख के अनुसार जिन लोगों में पेट के कैंसर की संभावना थी, उन्हें 1500 मिलीग्राम कैल्शियम प्रतिदिन दिए जाने पर सैलों में बढ़ोतरी ठीक हो गई।

मासिक धर्म - प्रायः महिलाओं को मासिक धर्म प्रारंभ होने से पूर्व कई तकलीफें होती हैं। सूसन थाई जैकब के अनुसार इसके लिए भी कैल्शियम की कमी ही उत्तरदायी है। उन्होंने 466 महिलाओं को 1200 मिलीग्राम कैल्शियम प्रतिदिन दिया और पाया कि अधिकतर महिलाओं की तकलीफें 48 प्रतिशत कम हो गईं। उनको होने वाली दर्द में भी कमी हुई।

यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने आहार को इस प्रकार संयोजित करें कि हमें लगभग 1200 मिलीग्राम कैल्शियम प्रतिदिन मिलता रहे। 240 मिलीलीटर गाय के दूध में 288 मिलीग्राम कैल्शियम होता है जबकि 200 ग्राम दही में 268 मिलीग्राम कैल्शियम होता है।100 ग्राम सूखे नारियल में 400 मिलीग्राम कैल्शियम होता है जबकि 100 ग्राम खजूर में 120 मिलीग्राम कैल्शियम होता है। इसके अतिरिक्त गुड़, पनीर, सोयाबीन, फूलगोभी और मछलियों में भी कैल्शियम पाया जाता है।

## मजदूरों को सामाजिक योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु प्रतिनिधिमंडल तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा तहसील में मंगलवार को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस असंगठित इंटक ब्लॉक कमेटी कोटखावदा के तत्वाधान में मजदूरों को सामाजिक योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से जिला अध्यक्ष जीवन राम गुर्जर के नेतृत्व में कोटखावदा तहसीलदार को ज्ञापन देकर समस्याओं के तुरंत निस्तारण की मांग की गई। जयपुर जिला इंटक अध्यक्ष जीवन राम गुर्जर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष असंगठित इंटक रामप्रसाद गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा एवं उपाध्यक्ष संपत लाल शर्मा के साथ मजदूरों ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, खाद्य सुरक्षा योजना के लम्बित आवेदनों एवं पीएम आवास योजना के आवेदनों के निस्तारण के संबंध में तहसीलदार को विस्तार से अवगत कराया। वहीं ब्लॉक अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि कोटखावदा ब्लॉक में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के आवेदनों पर बार-बार कमी बताकर वापस भेजा जाता है इस से प्रार्थी परेशान होकर कमी पूर्ति करना ही छोड़ देते हैं और आवेदन निरस्त कर दिया जाता है इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा योजना के 2022 से लंबित आवेदनों में जांच पत्र पर सचिव द्वारा हस्ताक्षर नहीं किया जा रहे है ब्लॉक उपाध्यक्ष संपत लाल शर्मा ने बताया कि तहसीलदार को उपखंड कार्यालय चाकसू में मीटिंग करते हुए ज्ञापन की मांगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान राजु लाल सैनी, राम माली, अशोक मीणा शकर लाल सैनी, गफ्फार खान, सोनाराम मीणा, गिरिराज सैनी, सलाउद्दीन खान आदि मजदूर उपस्थित रहे।

## खेत से खड़ी फसल काट कर चोरी करने का आरोप, थाने में दिया परिवाद



जयपुर टाईम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** कस्बा निवासी राजेन्द्र सिंह तंवर ने स्वयं के खेत से चोरी चुपके फसल काट कर ले जाने का आरोप लगाते हुए चुन्नीलाल धाकड़, पंकज धाकड़ व गायत्री धाकड़ निवासी छोटी बिजौलियां के खिलाफ थाने में परिवाद दे कर कार्रवाई की मांग की गई।परिवाद में बताया कि राजेन्द्रसिंह की बहु कीर्ति चौहान के नाम पर ग्राम छोटी बिजौलियां में खाता सख्यां 107 खसरा सख्यां 204 रकबा 0.7608 भूमि स्थित हैं। जिसकी देखरेख राजेन्द्रसिंह द्वारा की जाती हैं।उक्त आराजी पर 7 मार्च 2025 से उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां द्वारा आरोपियों को कब्जे काश्त के उपयोग-उपभोग में दखल अंदाजी नहीं करने,जबरन बेदखल कर अवैध कब्जा नहीं करने और व खड़ी फसल को नहीं ले जाने सम्बंधित यथास्थिति का आदेश पारित किया गया हैं। परिवाद में आरोप लगाया कि उक्त आरोपियों द्वारा विगत 16 मार्च को रात्रि के समय खेत मे खड़ी चने एवं जौ की फसल को चोरी चुपके काट ली गई और वर्तमान में भी मजदूरों के साथ मिल कर जौ की फसल की कटाई चल रही हैं व फसल को चुराने का प्रयास किया जा रहा है।राजेन्द्रसिंह ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने एवं वर्तमान में काटी जा रही फसल को रुकवा कर काटे गये माल को जब्त करने की गुहार लगाई हैं।

## झापदा कलां विद्यालय में मनाया शक्ति दिवस



जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** राजकीय विद्यालय झापदा कलां में मंगलवार को शक्ति दिवस पर प्रधानाचार्य रामलाल मीणा की अध्यक्षता में शक्ति दिवस मनाया गया। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य ओमशंकर शर्मा ने कक्षा 1 से 8 तक के बालकों को आयरन फोलिक एसिड गोलियां आई पी की गोलियां दी गई, एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में बालकों को जानकारी दी गई। पोषाहार प्रभारी कैलाश चन्द शर्मा ने बालकों को हाथ धोने के पाँच चरण बताएं, एवं स्वच्छता एवं साफ सफाई का महत्व बताया गया। इस मौके पर शाला के रामेश्वर प्रसाद मीणा, अशोक कुमार, नारायण लाल टेलर , कैलाश चंद्र बैरवा, रामदयाल चौधरी, हरिराम चौधरी, सन्तोष देवी, अनिल मीणा, रोशन पीपलीवाल, सुरज मल मीना सहित शाला का समस्त स्टाफ मोजूद रहा।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई 20 मार्च को

**कोटपूतली(निसं.)** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई 20 मार्च गुरूवार को प्रात 11 बजे से पंचायत समिति कार्यालय कोटपूतली के वीसी कक्ष में आयोजित की जायेगी।

## सुमेरपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की और से आयोजित बैठक में पार्टी के संगठन की मजबूती को लेकर पदाधिकारियों ने दिए सुझाव

जयपुर टाईम्स

**साणडेराव(निसं.)।** मंगलवार को राजस्थान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार सुमेरपूर विधानसभा प्रभारी मकसूद अहमद के सानिध्य में ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस अध्यक्ष नेपालसिह जोधा पावा नेतृत्व में मंगलवार को फोरलेन हाईवे पर एक निजी होटल में बैठक आयोजित हुई। बैठक में पार्टी के संगठन की मजबूती को लेकर पार्टी पदाधिकारियों ने अपने अपने सुझाव दिये। प्रभारी मकसूद अहमद ने कहा कि यदि कोई पार्टी पदाधिकारी पार्टी की बैठक में यदि लगातार अनुपस्थित रहते है तो उन्हे पार्टी से निष्कासित किया जायेगा।साथ ही बताया कि राज्य सरकार की नाकामियो को अपने क्षेत्र की जनता के सम्मुख रखे। बैठक में जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, पीसीसी महासचिव शिशुपाल सिंह निंबाड़ा,सुमेरपुर विधायक प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा, सुमेर सिंह मनवार,शोभा सोलंकी,महेश जोशी,पेमाराम देवासी सभी ने एक शुर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को अब एक जाजम पर आना होंगा और आपसी मतभेद को भुलाकर पार्टी के लिए काम करना होगा जब जाकर आने वाले नगर पालिका चुनाव पंचायती राज्य चुनाव कांग्रेस जीत सकती हैं।कांग्रेस पिछले 15 सालों से सुमेरपुर विधानसभा में हारती जारी है, हारने का कारण कांग्रेस एकजुट होकर चुनाव नहीं लड़ती हैं इस कारण कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ता है बैठक में कार्यकर्ता एवं नेताओं ने एक दूसरे के ऊपर आरोप लगाते





हुए भी दिखाई दिए,समेत कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया, कार्यक्रम में आए हुए कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि पहली बार इस तरह की ब्लॉक अध्यक्ष की बैठक देखने को मिली है।

## मृत मवेशियों की दुर्गंध से हाउसिंग बोर्ड के लोगों को मिलेगी निजात

जयपुर टाईम्स



**सवाई माधोपुर(निस.)** सवाई माधोपुर जिला अस्पताल के पीछे ईदगाह के पास वन विभाग की खाली जगह पर मृत मवेशी पिछले सालों से यहां पर डाले जाते थे। जिससे आसपास का क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड, हनुमान नगर, श्याम वाटिका ,नीमली रोड के स्थानीय निवासी लोग मृत मवेशियों की बदबू के कारण परेशानी को झेल रहे थे।जिसको लेकर कई बार जिला कलेक्टर एवं नगर परिषद आयुक्त ,सभापति को कई बार अवगत करवा दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई देखने को नहीं मिली। अब वन विभाग को अवगत करवाया गया तो वन विभाग ने मृत मवेशी नहीं डलने का जिम्मा लिया। इस दौरान सीमा मीना वनपाल नाका नीम चौकी शहर ने बताया कि नीमली रोड से आने जाने वाले लोग एवं आसपास क्षेत्र के रहने वाले लोगों को मृत मवेशियों की बदबू से सामना करना पड़ रहा था। जिसको लेकर आज यहां पर जेसीबी की सहायता से चार दिवारी के लिए नीम की खुदाई की गई एवं चार दिवारी की जाएगी। जिससे यहां पर अब मृत मवेशी नहीं डाले जाएंगे । जिससे यहां के आसपास क्षेत्र के लोगों को और आने जाने वाले लोगों को बदबू का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस दौरान मौके पर सीमा मीना वनपाल नाका नीम चौकी शहर व वन विभाग स्टाफ , हाउसिंग बोर्ड वार्ड नंबर 21 पार्षद चंदन सिंह नरूका एवं स्थानी निवासी मौजूद थे।

### इनका कहना है कि

सूचना मिली कि जिला अस्पताल के पीछे ईदगाह के पास वन विभाग क्षेत्र में मृत मवेशी डाले जाते थे, जिससे आसपास का क्षेत्र दुर्गंध के कारण परेशान होता था संज्ञान में लेते हुए वन विभाग क्षेत्र में चार दिवारी की जाएगी।

**सीमा मीना वनपाल नाका नीम चौकी शहर**


**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT CIRCLE CHURU**

e-mail: sephedchuru@gmail.com socircle.chu.phed@rajasthan.gov.in

S.NO/TA/Churu/2024-25/4201-4232 Dated 11.03.2025

**E-NOTICE INVITING BID 49-52/2024-25**

Bids for 04 nos. works of total Rs. 226.00 lacs at Churu district are invited from interested bidders upto 06.00 PM on date 24.03.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in of the state and phed tenders.raj.nic.in department website and eproc.rajasthan.gov.in.

UBN PHE2425SLOB11567
UBN PHE2425WSOB11550
UBN PHE2425WSOB11552
UBN PHE2425WSOB11553

Superintending Engineer, PHED, Circle Churu.

DIPR/C/3815/2025



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग विभाग, खण्ड तारानगर**

कमांक- 2846-59 दिनांक- 11.3.2025

**निविदा सूचना संख्या 135-136 / 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड तारानगर हेतु निविदा सूचना संख्या 135-136/2024-25 में वर्णित सामान की आपूर्ति हेतु निर्माता / अधिकृत विक्रेताओं / प्रतिष्ठित फर्मों से निर्धारित प्रपत्र दोहरा लिफाफा पद्वति के आधार पर निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा डाउनलोड / अपलोड, तकनिकी बिड खोलने की तिथि एवं निविदा शुल्क / धरोहर राशि जमा कराने की तिथियां एवं निविदा की शर्ते इत्यादि सम्पूर्ण विवरण वैवसाईट SPPP पोर्टल पर अपलोड कर दिये गये है जिस पर देखा जा सकता है तथा वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र निर्धारित अवधि में डाउनलोड / अपलोड किए जा सकते है । सभी विवरण इस कार्यालय में भी देखें जा सकते है ।

डिवीजन कोड - 6612

| Particular | Bid Security | Tender Cost |
|---|---|---|
| Budget Head | Bid-Securing Declaration | 0075-00-800-52-01 |

ई-ग्रास के माध्यम से बैंक में / ऑनलाईन राशि उपरोक्त मदो में जमा करवाकर चालान को टेण्डर डोक्यूमेंट के साथ सम्मिलित करें ।

निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है-

| Sr. No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 135/2024-25 | PHE 2024-25 GSOB 11507 |
| 2 | 136/2024-25 | PHE 2024-25 GSOB 11509 |

प्रकृति का अनुपम उपहार
स्वच्छ जल का सबको उपहार

(राजेश कुमार जांगिड)
अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि.विभाग;
खण्ड तारानगर

DIPR/C/3835/2025



राजस्थान सरकार

**कार्यालय, सचिव आईएमसी ऑफ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चूरू**

दूरभाष 01562-253280 E-mail address:- iti_churu@yahoo.co.in

क्रमांक- औप्रस/निविदा/ आईएमसी / चूरू / 2024/460 दिनांक -10.03.2025

**प्रकाशन का विवरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यलय के आई. एम. सी. योजनान्तर्गत मैनपावर सप्लाई करने हेतु मोहरबंद निविदा (NIB NO. TET2425A0195 and BID NO.TET2425SOB00207) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20.03.2025 है तथा निविदा एवं अन्य शर्ते sppp web portal पर डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

सचिव
आईएमसी ऑफ आई.टी.आई.
चूरू

DIPR/C/3812/2025


## मेट के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च

जयपुर टाईम्स

**कोटपूतली**(निसं.) नगर परिषद कोटपूतली क्षेत्र में मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत हो रहे कार्यों के लिए मेट के लिए 31 मार्च तक आवेदन किए जा सकेंगे। जॉब कार्ड धारक ही इस पद के लिए आवेदन कर सकेंगे। नगर परिषद आयुक्त के अनुसार इससे सबंधित जानकारी के लिए जॉब कार्ड धारक नगर परिषद कार्यालय में सम्पर्क कर सकता है। मेट के लिए जॉब कार्ड के साथ-साथ न्युनतम शैक्षणिक योग्यता महिलाओं के लिए 10 वीं पास व पुरूषों के लिए 12 वीं पास होना जरूरी है। मेट का चिन्हीकरण कर मेट का पैनल बनाया जाना है। जिसमें मेटो का नियोजन रोटेशन के आधार पर किया जावेगा।

## सूरवाल क्षेत्र में युवक का मिला शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**सवाई माधोपुर (निस.)** सूरवाल थाना क्षेत्र के बिदरखा औद्योगिक क्षेत्र के नजदीक एक युवक का अधजला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। इस दौरान घटना पर सूरवाल थाना मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया । शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी रखवाया। इस दौरान सैकड़ो की तादाद में ग्रामीण तथा मृतक के परिजन पहुंच गए। मृतक की शिनाख्त मोरपा निवासी सुरेश कुमार रैगर के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार मोरपा गांव निवासी सुरेश कुमार रैगर सोमवार अपने घर से बाइक लेकर राजकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मंडावरी जिला दौसा के लिए निकला था।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567- 294504

क्रमांकः– न.पा.रा. / 2024–25 / 5046 दिनांकः– 17.03.2025

**Corregendum Notice**

इस पालिका के निविदा क्रमांक 4117 दिनांक 24.02.2025 के द्वारा जारी निविदा जिसके – UBN Code– (DLB2425GSRC19763), (DLB2425SSRC19723), (DLB2425SSRC19726), (DLB2425SSRC19730), (DLB2425SSRC19735), (DLB2425SSRC19744), (DLB2425SSRC19748), (DLB2425SSRC19756), (DLB2425SSRC19758), (DLB2425SSRC19759), (DLB2425SSRC19760), (DLB2425SSRC19761), (DLB2425SSRC19767)
NIB Code - DLB2425A6262

जो दिनांक 17.03.2025 दोपहर 03:00 बजे को जमा ली जाकर दिनांक 17.03.2025 दोपहर 04:00 को खोली जानी थी। जो प्रशासनिक कारणों से संशोधन की जाकर दिनांक 07.04.2025 दोपहर 03:00 बजे को ली जाकर दिनांक 07.04.2025 दोपहर 04:00 को खोली जावेगी। शेष शर्ते व नियम यथावत रहेगे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

राज.संवाद / सी / 24 / 13348



**RAJASTHAN STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.**
(A State Government undertaking) Head Office: 5th floor, Kisan Bhawan, Lal Kothi, Tonk Road, Jaipur-302015, Phone: 0141- 2744692, 0141-2744649, General Fax No. 0141-2741924, E-Mail: rsfcsc@gmail.com, CIN : U63023RJ2010SGC033489

क्रमांक :- एफ1 (15)/राराखानाआनि/संस्था/पार्ट-III/चतुर्थ श्रेणी/2018/9026 दिनांक :- 17/03/2025

**बोली सूचना**

राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम, जयपुर मुख्यालय की ओर से एक वर्ष की अवधि के लिए 11 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो की सेंवाये लिये जाने हेतु पंजीकृत सेवा प्रदाताओ / संवेदक / बोलीदाताओ से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेंट प्रकिया के माध्यम से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जानी है। जिसकी कुल अनुमानित लागत 11.40 लाख रूपये है।

बोली से सम्बन्धित विस्तृत विवरण मय बोली की शर्ते इत्यादि सम्पूर्ण विवरण बेबसाईट www.rsfcsc.org. sppp.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा / डाउनलोड किया जा सकता है।

UBN No. :- FCS2425SLOB00063

राज.संवाद/सी/24/13370 प्रबन्धक (कार्मिक)



**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू, जिला- जयपुर ग्रामीण (राज.)**

क्रमांक/न.पा.चा./2024-25/ 5549 दिनांक- 18/03/2025

**लोक सूचना**

आवेदक शीतल संजय पालेचा HUF जरिये कर्ता संजय पालेचा पुत्र श्री हीरा चन्द पालेचा निवासी मोतीसिंह भोमियों का रास्ता जौहरी बाजार जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| तहसील चाकसू, जिला जयपुर | ग्राम का नाम - चाकसू पूर्व, पटवार हल्का - चाकसू पूर्व, भू.अभि. नि.क्षेत्र- चाकसू | 5810/12086 | 0.0400 हैक्टेयर | आवासीय |
| | | 5811 | 0.0600 हैक्टेयर | |
| | | 5812 | 0.1800 हैक्टेयर | |
| | | कुल किता 3 | कुल 0.2800 हैक्टेयर | |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 - क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता क समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है औश्र तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा ।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 18/03/25 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका चाकसू



**कार्यालय अधीक्षक उद्यान सार्वजनिक निर्माण विभाग, रामनिवास बाग, जयपुर**

क्रमांक- 1174 दिनांक- 11/3/2025

**निविदा सूचना स. 18 / 2024-25**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निम्नानुसार कार्यो कराने / सामान क्रय करने हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18.03.2025 तक विक्रय किये जावेगे । सीलबन्द निविदायें दिनांक 19.03.2025 को दोपहर 1.00 तक प्राप्त की जाकर सांय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष कमेटी के सदस्यों द्वारा कार्यालय अधीक्षक उद्यान, सा.नि. वि. रामनिवास बाग, जयपुर में खोली जावेगी।

निविदा के साथ अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत अमानता राशि डीडी / बैंकर चैक जो अधीक्षक उद्यान, सा.नि.वि. जयपुर के नाम हो, जमा कराना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी। किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। निविदा तार एवं डाक द्वारा मान्य नहीं होगी। निविदा की शर्तें कार्यों के जी एवं एच शिड्यूल पर अंकित है तथा विभाग की वैब साईट http:// dipr. rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in pwd.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | विवरण | राशि (रू: लाख) | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | विभिन्न बंगला उद्यानो में उपजाऊ भुरी मिट्टी आपूर्ति करने का कार्य । | 1.50 | 500.00 |
| 2 | विभिन्न बंगला उधानो में लॉन विकसित करने हेतु खरपतवार युक्त मिट्टी को निकालने का कार्य । | 1.50 | 500.00 |
| 3 | विभिन्न बंगला उधानो में मेक्सीकन कारपेट ग्रास के चौके लगाने का कार्य । | 1.50 | 500.00 |
| 4 | विभिन्न बंगला उद्यानो में सलेक्शन न0 1 ग्रास के चौके लगाने का कार्य । | 1.50 | 500.00 |
| 5 | विभिन्न बंगला उधानो में ग्रीष्म ऋतु की हाईबिंड सीजनल फुलवारी आपूर्ति करने का कार्य । | 1.50 | 500.00 |
| 6 | विभिन्न वि.आई.पी. कार्यक्रमो पर फुलमालाएं, बुक्के एवं फलोवर बन्च आपूर्ति करने का कार्य । | 1.50 | 500.00 |
| 7 | विभिन्न बंगला उधानो एवं उधानो के लिए अलृक्त इण्डोर - आण्टडोर पेड-पौधे आपूर्ति करने का कार्य । | 1.50 | 500.00 |
| 8 | अजमेर स्थित रेवेन्यू बोर्ड एवं सैशन कोर्ट के उद्यानों में पेड़-पौधे आपूर्ति करने का कार्य । | 1.50 | 500.00 |
| 9 | विभिन्न बंगला उधानो एवं उद्यानो में विभिन्न प्रकार के बल्ब एवं ग्राउड कवर आपूर्ति करने का कार्य । | 1.50 | 500.00 |
| 10 | विभिन्न बंगला उधानो एवं उधानो हेतु वर्मी कम्पोस्ट एवं सड़ी हुई गोबर की खाद आपूर्ति करने का कार्य । | 1.50 | 500.00 |
| 11 | विभिन्न बंगला उधानो एवं उधानो में ग्राफ्टेट / हाईर्बिड गुलाब के पौधे आपूर्ति करने का कार्य । | 1.50 | 500.00 |
| 12 | विभिन्न बंगला उधानो एवं उद्यानो के लिए दवाई, बर्ड नेट, शेड नेट एवं अन्य उधान सामग्री आपूर्ति करने कार्य । | 1.50 | 500.00 |

NIT 18/2024-25

| S.No. | UBN Number | S.No. | UBN Number |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2425SSOB16826 | 7 | PWD2425SSOB16832 |
| 2 | PWD2425SSOB16827 | 8 | PWD2425SSOB16833 |
| 3 | PWD2425SSOB16828 | 9 | PWD2425SSOB16834 |
| 4 | PWD2425SSOB16829 | 10 | PWD2425SSOB16835 |
| 5 | PWD2425SSOB16830 | 11 | PWD2425SSOB16836 |
| 6 | PWD2425SSOB16831 | 12 | PWD2425SSOB16837 |

DIPR/C/3880/2025

(एस. के. चौधरी)
अधीक्षक उद्यान सा. नि. वि., जयपुर



**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT BEGA KI NANGAL P.S. PATAN (SIKAR)**

S. No. spl-1 DATE- 18.03.2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 18.03.2025 and 25.03.2025, 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS. 9.90 Lac.

UBN No. PKP2425WSOB0000293

Sarpanch
G.P. BEGA KI NANGAL

VDO
G.P. BEGA KI NANGAL

# झुंझुनूं एडल्ट टीबी वैक्सीनेशन अभियान शुरू

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए झुंझुनूं जिले में एडल्ट वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की गई है। यह प्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया है। इसके तहत टीबी के उच्च जोखिम वाले वयस्कों को टीका लगाया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ झुंझुनूं के गांधी चौक स्थित अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय आर्य और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और जनता से इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की है। भारत सरकार वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। इसी क्रम में राजस्थान सरकार ने झुंझुनूं जिले को टीबी वैक्सीनेशन अभियान के लिए चुना है, ताकि टीबी के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत किया जा सके। यह अभियान उन वयस्कों के लिए है, जो टीबी संक्रमण के अधिक जोखिम में है। इनमें पिछले पांच वर्षों में टीबी का इलाज ले चुके मरीज, टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले, धूम्रपान करने वाले, मधुमेह से पीड़ित और 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग शामिल हैं।



### टीबी विन ऐप से हो रहा रजिस्ट्रेशन

इस अभियान के तहत लोगों को आसानी से वैक्सीनेशन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 'टीबी विन' ऐप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा है। झुंझुनूं जिले में अब तक 83 हजार से अधिक लोगों ने इस एप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करा लिया है और उन्हें निर्धारित समय पर टीका लगाया जा रहा है। यह टीबी वैक्सीनेशन जिले के सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप जिला अस्पतालों और जिला अस्पताल में किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक स्तर पर टीमें गठित की हैं, जो जिले भर में वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाने में जुटी हैं।

### यह लोग है इस वैक्सीनेशन के पात्र

टीबी वैक्सीनेशन अभियान के तहत कुछ विशेष श्रेणियों के लोगों को प्राथमिकता दी गई है। वे लोग जिन्होंने पिछले पांच वर्षों में टीबी का इलाज करवाया है। टीबी मरीजों के परिवार के सदस्य या उनके करीबी संपर्क में रहने वाले लोग। धूम्रपान करने वाले और मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति। 60 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिक।

### इन लोगों को वैक्सीनेशन से किया बाहर

18 साल से कम उम्र के बच्चे, पिछले तीन महीने में ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराने वाले मरीज, गर्भवती महिलाएं और धात्री माताएं।

## लक्ष्मणगढ़ गौ संवर्धन नंदिशाला को गौकाष्ठ मशीनी



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार गौशालाओं को आत्मनिर्भर तथा स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रकल्प सरकार के सहयोग से शुरू करवाए जा रहे हैं जिसके संदर्भ में राजस्थान सरकार के गोपालन विभाग द्वारा गौकाष्ठ योजना अंतर्गत सरकारी सहयोग से रियायती दरों पर गौकाष्ठ मशीन उपलब्ध करवाई जा रही है जिसके तहत पशु पालन विभाग के संयुक्त निदेशक दीपक अग्रवाल की अगुवाई में लक्ष्मणगढ़ पिंजरापोल गौ संवर्धन नंदीशाला को भी गौकाष्ठ मशीन सौंपी गई है। इस अवसर पर जिला गोपालन अधिकारी डॉक्टर दिनेश खीचड, लक्ष्मणगढ़ पशुपालन विभाग के डॉक्टर मोहन भोगे, लक्ष्मणगढ़ पिंजरापोल गौ संवर्धन नंदीशाला कमेटी के अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, प्रबंधक रतन सिंह बगड़ी, प्रबंधक बाबूलाल शर्मा दतुजला, कार्यकर्ता कमल जोशी, गौ सेवक संदीप नेहरा, गौ सेवक कानजी गुर्जर आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर लक्ष्मणगढ़ पिंजरापोल गौ संवर्धन नंदीशाला कमेटी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, गोपालन विभाग, पशुपालन विभाग का आभार जताया है।

## विभिन्न मांगों को लेकर एसएफआई ने सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** छात्र संगठन एसएफआई ने विद्यार्थियों की विभिन्न मांगों को लेकर राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य को परीक्षा नियंत्रक के नाम ज्ञापन देकर समाधान की मांग की। संगठन के तहसील अध्यक्ष गोपाल बागड़ी ने बताया कि मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय में स्नातक ( द्वितीय एवं तृतीय) व स्नातकोत्तर फाइनल वर्ष के परीक्षा आवेदन तिथि को बढ़ाने और आवेदन में आ रही अन्य समस्यों को लेकर परीक्षा नियंत्रक के नाम प्राचार्य को ज्ञापन दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश डुडी, तहसील अध्यक्ष गोपाल बागड़ी, डीवाईएफआई के तहसील महासचिव विद्याधर डूकिया, नरेश दानोदिया, अंकित, धर्मेंद्र थालोड़, नितिक, रोहित,सहित एसएफआई के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नवलगढ़ पालिकाध्यक्ष ने छात्रावास में किया 51 हजार का सहयोग




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर के उपखंड कार्यालय मार्ग पर सैनी समाज संस्था की ओर से बनाए जा रहे सावित्रीबाई फुले छात्रावास व कोचिंग सेंटर के भवन निर्माण में नवलगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र सैनी (फुलवाले) ने 51 हजार रुपए का सहयोग प्रदान किया है। सैनी के उक्त सहयोग के लिए सैनी समाज संस्था लक्ष्मणगढ़ के अध्यक्ष रामगोपाल चुनावाल, भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष बनवारी लाल पापटवान, युवा विंग के अध्यक्ष शिव प्रकाश राकसिया, पूर्व तहसीलदार महावीर प्रसाद राकसिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष महावीर सिंगोदिया, महामंत्री सज्जन सतरावला, कोषाध्यक्ष सोहनलाल चुनवाल, मंत्री सज्जन गौड़, पार्षद मुकेश टांक, सांवरमल सांखला, नोपाराम कटारिया ने आभार व्यक्त किया। सैनी समाज संस्था के प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी सत्यनारायण सैनी ने बताया समाज के बच्चों के उज्जवल भविष्य भविष्य के लिए शहर के मध्य सैनी समाज संस्था का भवन करीब एक करोड़ पचास लाख की लागत से बनकर तैयार होगा।

## श्याम संकीर्तन में विदेशी पर्यटकों ने भक्ति संगीत की दी प्रस्तुतियां

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** होटल हरिटेज में सोमवार की रात को खाटू श्याम बाबा के संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें फ्रांस से आई महिला पर्यटको ने भजनों की ऐसी रसधार बहाई की श्रद्धालु पूरी रात झूमते रहे। भजन गायिका फ्रांस की गायक कलाकार मारी ने हारमौन और वैलेरी ने तबले पर संगत देकर शिव जी, श्री कृष्ण, खाटू श्याम , शेरोवाली माताजी सहित विभिन्न देवी -देवताओं की आरती की सुन्दर प्रस्तुति दी गई। इस दौरान सैलानियो ने जमकर नृत्य किया। इसके बाद विशाखापट्टनम प्रवासी अनुज जोशी और कोलकाता की कविना अखिलेश जोशी एण्ड पार्टी ने भी भजन सुनाकर सभी का मन मोह लिया। आरम्भ में राजस्थान ब्राह्मण महासभा के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष अरविन्द पारीक, पर्यटन विशेषज्ञ मधुसुधन खेमाणी और प्रहलादराय देवड़ा ने संकीर्तन में सर्वप्रथम श्री खाटू श्याम बाबा की प्रतिमा के सम्मुख अखण्ड ज्योति प्रज्वलित कर धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सभी को प्रसाद वितरण किया ।



# झुंझुनूं केंद्रीय सहकारी बैंक में सहकारिता पर कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के प्रधान कार्यालय में मंगलवार को सहकारिता व अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन बैंक व राइसेम, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें ग्राम सेवा सहकारी समितियों के व्यवस्थापकों को समितियों के व्यवसाय वृद्धिकरण व विविधीकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। बैठक में केंद्र सरकार की ओर से प्रयोजित विभिन्न योजनाओं जैसे राष्ट्रीय सहकारी निर्यात समिति, राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक लिमिटेड व भारतीय बीज सहकारी समिति की सदस्यता लेने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा, "सहकार से समृद्धि" अभियान के अंतर्गत सीएससी, जन औषधि केंद्र एवं खरीद केंद्रों के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़ा जा सके और उन्हें इसका लाभ मिले। नवाचार के रूप में बैंक की ओर से क्यूआर कोड सुविधा प्रारंभ की गई, जिससे ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग में अधिक सहूलियत मिलेगी। बैठक में अतिरिक्त निदेशक राइसेम कृति शर्मा, भूमि विकास बैंक सचिव संजीव कुमार, केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक संदीप शर्मा, अधिशासी अधिकारी सुमन चाहर, रंजना स्वामी, वरिष्ठ प्रबंधक नरेश कुमार सहित बैंक के अधिकारी व समिति व्यवस्थापक उपस्थित रहे।




## झुंझुनूं में एक दिन में 14736 किसानों की बनीं फॉर्मर आईडी

### जिले में अब तक कुल 1.19 लाख किसानों का रजिस्ट्रेशन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** भारत व राज्य सरकार की एग्रीस्टैक योजनांतर्गत फॉर्मर्स रजिस्ट्रेशन के तहत मंगलवार को झुंझुनूं सर्वाधिक रजिस्ट्रेशन करने वाला जिला रहा। गौरतलब है कि जिला कलक्टर रामावतार मीणा के निर्देशों के बाद रजिस्ट्रेशन के कार्य में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मंगलवार को जिले में प्रदेशभर में सर्वाधिक 14,736 किसानों की फॉर्मर आईडी बनाई गई। इससे पहले सोमवार को भी जिले में सर्वाधिक रजिस्ट्रेशन हुए थे। झुंझुनूं उपखंड अधिकारी हवाई सिंह यादव ने बताया कि जिले में अब तक 1 लाख 19 हजार 740 किसानों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है. जो कि कुल लक्ष्य का 40.66 फीसदी है। मंगलवार को झुंझुनूं के अलावा 10 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन करने वाले जिले क्रमशः भीलवाड़ा. डूंगरपुर, नागौर, पाली और जयपुर रहे। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने किसानों से अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की है, ताकि उन्हें पीएम किसान निधि समेत विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। ध्यान रहे 31 मार्च तक रजिस्ट्रेशन नहीं करवाने वाले किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल पाएगा।

## झुंझुनूं डाक मंडल में डाक अदालत 21 को

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** डाक विभाग की ओर से झुंझुनूं मंडल (डाक) में डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह अदालत 21 मार्च को प्रातः 11 बजे अधीक्षक डाकघर झुंझुनूं के कार्यालय में आयोजित होगी। डाक अधीक्षक ने बताया कि इस अदालत में उपभोक्ताओं की डाक सेवाओं से जुड़ी समस्याओं पर विचार किया जाएगा और उनका निराकरण किया जाएगा। इस दौरान काउंटर सेवा (डाक एवं रेल डाक सेवा), विदेशी डाक वस्तुएं, पार्सल व बीमाकृत वस्तुएं, मनीऑर्डर व मंडल के अधीन डाक कर्मचारियों के पेंशन से जुड़े मामलों की सुनवाई की जाएगी। डाक अधीक्षक ने बताया कि यदि किसी उपभोक्ता की कोई शिकायत पहले दर्ज की जा चुकी है लेकिन उसका समाधान संतोषजनक नहीं हुआ है, तो वह अपनी शिकायत का पूरा विवरण 19 मार्च तक अधीक्षक डाकघर झुंझुनूं को भेज सकता है। प्राप्त शिकायतों पर डाक अदालत में विचार किया जाएगा और शिकायतकर्ता को अदालत में आमंत्रित किया जाएगा।

# नवविवाहिताएं और युवतियां कर रही गणगौर माता का पूजन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** प्रकृति आराधना और शक्ति की साधना के साथ होलिका दहन के दूसरे दिन 14 मार्च को शुरू हुए गणगौर पूजन के साथ ही गाए जाने वाले गीतों से सरदारशहर की सुबह सुरमई हो रही है। सुबह की बेला में गणगौर पूजन के लिए पीहर आई हुई नवविवाहिताए गणगौर के गीतों से धोरो की धरती को रिझा रही है। सुबह-सुबह घरों में जब गणगौर पूजन का यह गीत "गौर ए गणगौर माता खोल ऐ किंवाड़ी" गूंजता है तो यहां की सुबह चहक उठती है। पंछियों की चहचहाट और कन्याओं के कंठो से गूंजते गीतों से धोरो की धरती झूम रही है। बसंती मौसम में पेड़ पौधों से फूटती नव कुंपाले और मिंझर की सुगंध से महक रही धरती चहक रही है। होली पर धुलंडी शुरू हुए 18 दिन के गणगौर पूजन के प्रथम चरण में गौर ईशर के प्रतिकारात्मक पिंड जो होलिका की राख से बने हुए हैं। उनकी पूजा की जा रही है। आमतौर पर गणगौर का त्योहार 16 दिन का होता है लेकिन इस बार यह त्यौहार 18 दिन का है। समूह में कन्या गणगौर का पूजन करते हुए लोक संस्कृति से रचे बसे गीत गा रही है और गणगौर का ध्यान कर अमर सुहाग भाग की कामना कर रही है। वार्ड 16 में रामकुमार शर्मा की नवविवाहित पुत्री विनीता शर्मा व नवविवाहिता हिमानी चौधरी, प्रीति जांगिड़ अपनी विवाह के बाद पहली बार अपने पीहर में अपनी सहेलियों के साथ गणगौर पूजन कर रही है। इस दौरान सुबह गणगौर पूजा करती हुई नवविवाहिता विनीता शर्मा ने बताया कि मेरी हाल ही में शादी हुई है और मैं अपनी सहेलियों के साथ अपने पीहर में गणगौर पूजन कर रही हूं। हम सुबह जल्दी उठते हैं ओर दुब लेकर आते हैं और होलिका दहन की मिट्टी से बने हुए पिंड की पूजा कर रहे हैं। नवविवाहिता प्रीति जांगिड़ ने बताया कि शीतला अष्टमी के बाद में गणगौर माता के बनोरे निकाले जाएंगे। गणगौर पर्व के दूसरे चरण में 21 मार्च से सुबह और शाम दोनों समय गणगौर माता की पूजा की जाएगी। जिस तरह शादी में रस्मे होती है उसी तरह गणगौर पर्व पर भी हल्दी मेहंदी आदि की रस्में निभाएंगे। नव विवाहित हिमानी चौधरी ने बताया कि मैं मेरे पति के लंबी उम्र के लिए गणगौर माता का पूजन कर रही हूं। इस अवसर पर गणगौर पूजन करने वाली कुंवारी कन्या सुहानी चौधरी ने बताया कि हर बार से बढ़कर इस बार उत्साह के साथ गणगौर पर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 21 मार्च से घर घर जाकर गणगौर माता के बनोरे भी निकलेंगे और विधि विधान से 18 दिन तक पूजा की जाएगी। 11 अप्रैल को गणगौर माता का विसर्जन किया जाएगा। बता दे कि 18 दिन तक चलने वाले गणगौर महोत्सव खास तौर पर कन्याओं, नव विवाहिताओं और महिलाओं के लिए उत्साह भरा होता है। शिव पार्वती के रूप में गणगौर और ईशर की पूजा की जाती है। 21 मार्च से 30 मार्च तक घर-घर गणगौर के बनोरे निकाले जाएंगे और रात्रि के समय में नवविवाहिताए अपनी सहेलियों के साथ डीजे की धुन पर खूब नाचती हुई नजर आएगी। 31 मार्च को गणगौर का मेला भरेगा। इस दौरान जोहड़ या कुएं में गणगौर को विसर्जन किया जाएगा और 31 मार्च को गणगौर महोत्सव समापन हो जाएगा। इस अवसर पर सुहानी चौधरी, दीपिका प्रजापत, मीनू राजपूत, पूजा जांगिड़, संतोष राजपूत, ममता प्रजापत, पूजा जांगिड़, दिव्या प्रजापत आदि ने गणगौर पूजन किया।



## पांच दिन से पेयजल आपूर्ति ठप, आक्रोशित महिलाओं ने सुनाई खरी खोटी

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** गर्मी का दौर शुरू होते ही कस्बे में कई वार्डो में पेयजल का संकट गहराने लगा है। वार्ड 15,16,17 और 18 में पिछले पांच- छह दिन से पानी सप्लाई करने की टयूबैल की मोटर खराब पड़ी है। मोटर खराब होने के चलते पानी की सप्लाई बाधित है। वार्ड पार्षद आसिफ खत्री, द्रोपती देवी, शिवकुमार धोलपुरिया, रामस्वरूप बाकोलिया,आनंद धोलपुरिया ने बताया कि विभाग को अवगत करवाने के बाद भी जली हुई मोटर और केबल को दुरूस्त नही किया जा रहा है। इस अवसर पर शांतीदेवी, जमनाधर गहनोलिया,आची देवी बाकोलिया, सरोज भुन्दन, राजकुमारी आर्या, श्रवणी देवी धोलपुरिया सहित अनेक महिलाओ और पुरूषो ने कार्यालय परिसर में कर्मचारियो को खरी खोटी सुनाई। महिलाओ ने ज्ञापन देकर समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है और समस्या का समाधान नही होने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। बबीता बाकोलिया, सरीता देवी, सोनू देवी, पूर्व पार्षद द्रोपती देवी, सावित्री गहनोलिया, बबीता देवी, सुनीता देवी ने बताया कि मौहल्ले में पांच छह दिन से एक बूंद भी पानी नहीं आ रहा है। घरो में पीने के पानी की सप्लाई नही हो रही है।

# विभिन्न मामलों में पांच आरोपी गिरफ्तार, थार गाड़ी जब्त

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** थानाधिकारी पुलिस थाना मण्डावा के नेतृत्व में गठित टीम ने न्यायालय एमजेएम झुन्झुनू के प्रकरण संख्या 40/2015 में जारी स्थाई वारण्ट में वांछित सुभाष पुत्र जगमाल जाट उम्र 45 साल, निवासी नाहर सिंघानी पुलिस थाना मुकन्दगड, जिला झुन्झुनू, राजस्थान को गिरफ्तार किया है और गैरसायलान पंकज, कुलदीप उर्फ जोनी, अंकित व नवीन कुमार को कस्बा मण्डावा से शांतिभंग में गिरफ्तार किया जाकर गैरसायलान से बिना नम्बरी थार गाडी को जप्त किया है। पुलिस ने बताया कि सुभाष पुत्र जगमाल जाति जाट उम्र 45 साल, निवासी नाहर सिंघानी पुलिस थाना मुकन्दगड, जिला झुन्झुनूं, राजस्थान,पंकज पुत्र राकेश जाति मेघवाल उम्र 20 साल निवासी अलसीसर पुलिस थाना मलसीसर जिला झुन्झुनू, कुलदीप उर्फ जोनी पुत्र राजेश जाति धानका उम्र 24 साल निवासी अटेला नया पुलिस थाना अटेला नया जिला चरखी दादरी, अंकित पुत्र विनोद जाति मेघवाल उम्र 19 साल निवासी धीरासर पुलिस थाना बिसाउ जिला झुन्झुनू, नवीन कुमार पुत्र जयपाल जाति जाट उम्र 24 साल निवासी अटेला नया पुलिस थाना अटेला नया जिला चरखी दादरी को गिरफ्तार किया गया है। इनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रामनिवास उप निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना मण्डावा, शकील अहमद एचसी, राजेश कुमार कानि, विक्रम सिंह कानि शामिल रहे।




## सोमासर में मेहमानों को भेंट की संविधान की प्रति

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव सोमासर में एक अनूठी शादी में वधूपक्ष की ओर से भारतीय संविधान की भेंट की गई। रामचंद्र ने अपनी दो बेटियों की शादी में नई परंपरा शुरू की है। 17 मार्च को हुई इस शादी में रामचंद्र की बेटियां पुष्पा और भगवती का विवाह गांव हीराजसर के मामराज के बेटे गिरधारी लाल और लालचंद के साथ संपन्न हुई। शादी की रस्में भारतीय संविधान और गौतम बुद्ध को साक्षी मानकर की गईं। विवाह की रस्में भंते करुणा सागर ने संपन्न कराईं। इस अनूठे विवाह समारोह में वधू पक्ष की ओर से सभी बराती और मेहमानों को भारतीय संविधान की प्रति उपहार स्वरूप दी गई।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
19 मार्च, 2025

## शिविर में दिखाया उत्साह, 400 लोगों ने किया रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती गाँव ढाणी छत्तूसिँह निवासी प्रतापसिँह राठौड़ ने अपने पुत्र योगेंद्र सिह राठौड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर तारानगर के निजी क्लिनिक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया। योगेंद्रसिंह के भाई शैलेन्द्र सिँह राठौड़ ने बताया कि शिविर में युवाओं ने हर्षोल्लास के साथ रक्तदान किया। इस शिविर में कुल 400 लोगों ने रक्तदान किया। राठौड़ परिवार की ओर से रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए। शिविर में चूरू के भरतिया व स्वास्तिक ब्लड बैंक की टीमों ने सेवाएं दी। इस मौके पर शिला शेखावत, राकेश जांगिड़, संदीप राठौड़, प्रदीप सिँह, गिरवर सिह, कानसिंह, रणजीत, सुनील सैनी, राजू सिँह, धर्मवीर सिँह, सुभाष खिचड़, अमित मित्तल, रोहित भाकर, रामचंद्र सिद्ध सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## लोहिया कॉलेज के पास कैफे में पुलिस की छापेमारी, दो गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** लोहिया कॉलेज, चूरू के समीप स्थित लेट्स एन्जॉय कैफे में पुलिस ने छापेमारी की। कंट्रोल रूम से मिली अनैतिक गतिविधियों की सूचना के बाद कोतवाली थाना पुलिस और कालिका टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। कोतवाली थाना के एसआई रामशरण के अनुसार, कैफे में पहुंची टीम को दो व्यक्ति मिले। इनमें तारानगर तहसील की ढाणी मोती सिंह का रहने वाला अभिषेक और चूरू के वार्ड 59 निवासी करणी सिंह शामिल रहे। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपी गुस्से में आ गए। उन्होंने शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के समझाने के बावजूद दोनों टीम से उलझने लगे। कैफे में बैठने का कोई संतोषजनक कारण नहीं बताने और पुलिस से दुर्व्यवहार के चलते दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इन दिनों कोतवाली पुलिस और कालिका पेट्रोलिंग टीम अलर्ट मोड पर है। टीम अनैतिक गतिविधियों वाले स्थानों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के कैफे संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

## अब वार्डों में होगा सीवरेज घरेलू कनेक्शन




जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** आरयूआईडीपी अधिशाषी अभियंता आरडी गर्ग के निर्देशन में शहर के वार्ड संख्या 40 के आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं की बैठक का आयोजन मंगलवार को हुआ। जनसहभागिता इकाई के प्रवीणसिंह राठौड़ व काजल सांखला ने बताया कि वार्ड में अब सीवरेज घरेलू कनेक्शन का कार्य होगा, जिसमें स्नानघर, रसोई, शौचालयों को जोड़ा जाएगा। बरसाती पानी के पाइपों को इससे नहीं जोड़ा जाएगा। सीवरेज घरेलू कनेक्शन के लाभ बताते हुए राठौड़ कहा कि कनेक्शन के बाद नालियां सुखी व साफ रहेगी, जिससे गंदगी नहीं होगी और बीमारियों में कमी आएगी। उन्होंने स्नानघर व रसोई में जाली लगाने का आह्वान किया। बैठक में आशा सहयोगिनी माया व सहायिका सुशीला ने टीकाकरण का महत्व बताया। इस अवसर पर काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## विमंदित महिला को भेजा आश्रम




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** मानसिक विमन्दित महिला को सुजानगढ़ पुलिस और टीम हारे का सहारा ने अपना घर आश्रम अजमेर पहुंचाया है। कुछ दिनों से सुजानगढ़ एरिया मे घूम रही मानसिक रुप से विमन्दित महिला को सुजानगढ़ कोतवाली पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही पूरी कर मंगलवार सुबह अपने स्टाफ कांस्टेबल शीशराम तथा महिला कांस्टेबल निर्मला, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया के साथ अपना घर आश्रम अजमेर रवाना किया तथा वहाँ जाकर आवश्यक कार्यवाही कर उक्त महिला को भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार उक्त महिला अपना नाम पूजा दास असम बता रही थी और आसपास के एरिया मे काफी पता किया पर स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई। जिस पर उसे आश्रम भेजा गया है।

## देराजसर को नगरपालिका में जोड़ने का विरोध, ईओ को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव देराजसर के दर्जनों लोगों ने मंगलवार शाम नगरपालिका ईओ डॉ सहदेव चारण को ज्ञापन देकर गांव को ग्राम पंचायत लूंछ के अधीन रखने की मांग की है। ग्रामीणों की ओर से दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि गांव देराजसर को नगरपालिका क्षेत्र में मिलाने की कार्रवाई की जा रही है, जिसका ग्रामीण विरोध करते हैं। काबिले गौर है कि गांव देराजसर लूंछ पंचायत के अधीन आता है और लूंछ गांव से मात्र दो किलोमीटर की दूरी पर है। वहीं रतनगढ़ शहर गांव से दो किलोमीटर अधिक दूर है। ग्रामवासी ग्रामीण क्षेत्र की योजनाओं के लाभ से जुड़े हुए हैं और नगरपालिका क्षेत्र में मिलाने से ग्रामवासियों को इन योजनाओं से वंचित होना पड़ेगा। गांव के अधिकांश लोग मजदूरी करने वाले हैं, जो शहरी जीवन में महंगाई से और अधिक पीड़ित हो जाएंगे और कृषि कार्य प्रभावित होगा। गांव के लोग कॉपरेटिव बैंक से कृषि ऋण का फायदा भी समय-समय पर लेते रहते हैं, जो कि शहरी क्षेत्र के लोगों को नहीं मिलता है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि कुछ लोग राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से गांव देराजसर को नगरपालिका में मिलवाना चाहते हैं, जो ग्रामीण क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है। ज्ञापन पर पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा, पूर्व सरपंच कमला देवी, कुरड़ाराम, भंवर लाल बिरड़ा, रामकरण बिरड़ा, गिरधारीलाल गैणा सहित सैकड़ों लोगों के हस्ताक्षर हैं।

## विहिप की बैठक में रामोत्सव आयोजन पर चर्चा



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** गौमजी मौसूण के मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक मंगलवार को हुई। प्रांत मंत्री राधेश्याम गौतम की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिलेभर में रामोत्सव कार्यक्रमों के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान गौतम ने सभी कार्यकर्ताओं को जिले के सभी प्रमुख नगरों के साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक मंदिरों को केंद्र बनाकर सामाजिक समरसता व संयुक्त परिवार के कुटुंब भाव को आधार बनाकर आस्था व एकता को अभिवर्धित करने के लिए रामोत्सव कार्यक्रम मनाने का आह्वान किया। विभाग मंत्री गजानंद दाधीच ने कार्यकर्ताओं को निकट भविष्य में आने वाले मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी, बजरंग दल व परिषद के प्रशिक्षण वर्गों के लिए कटिबद्ध होने का कहा। विभिन्न प्रशिक्षणों, सत्संगों व मंदिरों में होने वाले सतत मिलन केंद्रों के माध्यम से संगठन को और भी अधिक मजबूत तथा समाज को जागृत करना होगा, ताकि भविष्य में लव जिहाद, धर्मांतरण व सामाजिक टकराव जैसे चुनौतियों का मुकाबला किया जा सके। जिलाध्यक्ष सुभाष पारीक ने जिलेभर से उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पंच प्रण की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रखंड रतनगढ़ के लिए दुर्गावाहिनी की सहसंयोजिका पद पर पूजा शर्मा व निक्की जांगिड़, प्रखंड सरदारशहर बजरंग दल संयोजक के लिए गौरव भोजक, सत्संग प्रमुख के लिए चंद्रप्रकाश सोनी, धर्म प्रसार प्रमुख पद पर मुकेश अग्रवाल के नाम की घोषणा की। इस अवसर पर मोहित बोचीवाल, राजकुमार महर्षि, सत्यनारायण सेवदा, महावीरप्रसाद महर्षि, वासुदेव चाकलान, अजय गार्गी, विनोदकुमार मेहता, जगदेव सांखोलिया, राजेंद्रप्रसाद चांदगोठिया, रामदेव चंदनिया, सुरेंद्र चुलेट, राजेश रिणवां, जयसिंह राठौड़, नारायण प्रजापत, पीरूमल भोभरिया, शशिकांत धरेंद्र सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गिरधारी फूलफकर की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर कल

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।।** शहर में गिरधारी फूलफकर की प्रथम पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वीर तेजाजी युवा संगठन की ओर से 20 मार्च को प्रातः 9 बजे से रक्तदान शिविर और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुन क्लब हॉस्पिटल में आयोजित किया जाएगा। रक्तदान शिविर की तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नंदराम सारण ने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी पहचान बताया। हंसराज सिद्ध ने लोगों से इस महान कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। संजय प्रजापत ने रक्तदान से न घबराने और बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम की तैयारी बैठक में कई गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। इनमें अब्दुल रशीद चायल, जेठाराम भाकर, राजेश पारीक, शिवकरण पोटलिया, प्रशांत चाहर, भीम बेनीवाल, प्रकाश माली, किशन सींवर, जमील खान, हंसराज सारण, चिरंजीलाल कस्वां, गणेश दास स्वामी, राकेश सारण, तेजपाल पारीक, राजेन्द्र बारकेसा, देवीलाल भाकर, मनोज सिहाग, दानाराम बिस्सू, भंवरलाल स्वामी, सूर्यप्रकाश मूंड, ओमप्रकाश बांगड़वा, मुकेश सांगवान, राजू सारण बिल्यू समेत अन्य लोगों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

## विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर रविवार को

**कोटपूतली(निस)।** निकटवर्ती ग्राम भैंसलाना स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में शहरी भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव के शहीद दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 23 मार्च रविवार को प्रात 09 बजे से सायं 05 बजे तक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी समाजसेवी कृष्ण सांपला ने दी।

## खेत में कटाई करते समय करंट से वृद्ध की मौत

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव पड़िहारा में खेत में फसल की कटाई करते समय करंट लगने से 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाया तथा लाश परिजनों के सुपुर्द कर दी। पुलिस ने बताया कि गौतम पुत्र भवानीदास स्वामी निवासी पड़िहारा ने रिपोर्ट दी कि उसके 60 वर्षीय ताऊजी हनुमानदास पुत्र संतोषदास मंगलवार को अपने खेत में सरसो की कटाई करते समय लोहे के पाइप को एक तरफ कर रहे थे। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गए। उन्हें जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## जिला पोषण अभिसरण योजना' समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**कोटपूतली(निस)।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की 'जिला पोषण अभिसरण योजन समिति' की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर द्वारा पोषाहार वितरण एफआरएस के माध्यम से करने, एसडीआरएफ के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों का गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य करवाने, शौचालय विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं बजट घोषणा बिन्दु संख्या 25 के तहत आंगनबाड़ी मरम्मत के प्रस्ताव तैयार कर समय पर प्रेषित करने एवं मानदेय कर्मियों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश प्रदान किये गये। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शीघ्र पेयजल कनेक्शन हेतु जन-स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग को निर्देश प्रदान किये। साथ ही चिकित्सा विभाग को आरबीएसके माइक्रोप्लान बाल विकास परियोजना अधिकारियों के साथ साझा करने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किये।

## गर्भवतियों के पोषण और नवजात शिशु की देखभाल की रखें जानकारी



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** महिला व बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार परियोजना चूरू (ग्रामीण) की ओर से स्थानीय सोती भवन में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। सीडीपीओ शिवराज सिंह ने कहा कि हमारा यह प्रयास रहना चाहिए कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने वर्तमान में संचालित पोषण अभियान के तहत की जाने वाली एफआरएस और ई-केवाईसी में बढ़ोतरी के निर्देश दिए। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक ज्योति वर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गर्भवतियों के पोषण और नवजात शिशु की देखभाल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होनें बच्चों के वजन व लंबाई के बारे में जानकारी दी। इस दौरान महिला पर्यवेक्षक जयकौर चौधरी, शीतल बत्रा, सुदेश कंवर व बीसी मंजू जाट ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। इसी प्रकार पार्वती भवन में सीडीपीओ चूरू शहर चन्द्रकला शर्मा के निर्देश पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान महिला पर्यवेक्षक शशिकला शर्मा व रेखा कंवर ने शिविर में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने भारत सरकार की ओर से 0 से 3 वर्ष के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन व 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक शिक्षा के सुदृढीकरण के लिए पोषण भी पढ़ाई भी कार्यकम की जानकारी दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वावधान में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन मंगलवार को हुआ। माहेश्वरी भवन में हुए संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन पवन जोशी व सुदीप जोशी ने किया। मंगलवार की दोपहर सवा तीन बजे शुरू हुआ कार्यक्रम शाम पांच बजे तक चला। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष मंजूदेवी लढ़ा, मंत्री जयश्री जाजू, दिव्यज्योति लढ़ा, मंजू पेड़ीवाल, सुनीता झंवर, प्राची तापड़िया, कृष्णा जाजू, कमला चांडक, कांता जाजू, किरण तापड़िया, सरिता चांडक, चंदा सोनी, रूपाली लढ़ा, ललिता व्यास, गीता पारीक, विमला पीपलवा, सुमित्रा महर्षि, संतोष महर्षि, धर्मा रांकावत, ममता जोशी, वेदिका चांडक, पूर्णिमा लढ़ा, संतोष जोशी, सरोज सोनी, रेखा जालान, सुधा ताम्रायत सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। इस दौरान पाठ का वाचन करने वाले जोशी बंधुओं का मंडल के पदाधिकारियों की ओर से दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

## रक्तदान व मेडीकल शिविर 10 अप्रैल को, पोस्टर का किया विमोचन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस)।** फ्यूचर अलायंस एन.जी.ओ के कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को एन.जी.ओ के अध्यक्ष पवन कुमार सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें आगामी 10 अप्रैल को तारा माध्यमिक विद्यालय, रसनाली (बानसूर) में आयोजित होने वाले रक्तदान व मेडिकल कैंप को लेकर चर्चा की गई। वहीं मुख्य अतिथि श्री श्री 108 सीताराम दास के कर कमलों द्वारा शिविर के पोस्टर का विमोचन करवाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामकुमार सैनी रसनाली, पत्रकार बिल्लूराम सैनी, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष उदय तोंदवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश तोंदवाल, एड. योगेश सैनी, विजय सैनी, दयाराम गुर्जर, नवीन कुमार सैनी, जितेंद्र बानसूर, महेंद्र बानसूर, घनश्याम सैनी, संजय हाजीपुर, जितेन्द्र सांखला, अजय समेत अन्य मौजूद रहे।

## पीपल के पेड़ की रक्षा करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नलिया बास के लोगों ने उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपकर पीपल के वृक्ष की रक्षा किए जाने और पानी की खेली को नहीं तोड़े जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपते वक्त निर्मल तंवर ने उपखंड अधिकारी को लिखित में बताया कि मैं वार्ड न. 5 का स्थायी निवासी हूं। मेरे घर के सामने पीपल का वृक्ष गट्टे सहित और खेली है, जो काफी पुराने हैं। लोगों ने उपखंड अधिकारी को बताया कि धर्मचंद नामक व्यक्ति व उसके परिवारजन उक्त भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं और पीपल के वृक्ष को हटाने पर आमादा हैं। इसलिए ऑक्सीजन देने वाले पीपल के पेड़ को कटने से बचाया जावे और खेली की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। महिलाओं ने बताया कि मोहल्ले की महिलाएं यहां पर पूजा अर्चना भी करती हैं। इस दौरान अनिल स्वामी, प्रकाश, रामकिशन, भंवरलाल, कमला, प्रेमलता सहित अनेक लोग मौजूद रहे। उपखंड अधिकारी ने मामले में समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## विद्यालय में लगाया इंटरएक्टिव बोर्ड




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव चाड़वास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पन्नालाल, सोहनलाल, विनोद चौरड़िया व राजीव उपाध्याय-सचिव श्री गांधी बाल निकेतन रतनगढ़ के सौजन्य से इंटरएक्टिव बोर्ड लगाया गया। भामाशाहों की ओर से कुल 25 स्कूलों में इस प्रकार के बोर्ड लगाए गए हैं। संस्था प्रधान कुमकुम सैनी, पीइईओ सुशीला चौधरी, मुनाम, प्रकाशचंद मीणा, महेंद्रसिंह, रंजना जोशी व संस्था सदस्यों ने भामाशाहों का स्वागत किया।

## सड़क दुर्घटना मामले में पीड़ित पक्ष को 47 लाख रूपए का अवार्ड

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** राजगढ़ के न्यायालय मोटर दुर्घटना दावाधीकरण के पीठासीन अधिकारी दीपक पारासर ने सड़क दुर्घटना मामले कुल 47 लाख रूपए का आवार्ड पारित किया। पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने बताया कि 21 जनवरी 2022 को गांव चिमनपूरा के गोपीराम अपनी स्वीफट कार में राजगढ से चूरू जा रहा था तो राजू की ढाणी व हड़ियाल के बीच गोपीराम की गाड़ी के आगे एक ट्रेलर चालक अनिल लुहारू ने ट्रक का लापरवाही पूर्वक चलाकर बीच सड़क पर अचानक ब्रेक मार दिए, जिस कारण गोपीराम की कार ट्रेलर के पिछे से टकरा गई, जिससे गोपीराम गम्भीर रूप से घायल हो गया, पीछे मोटरसाईकल पर आ रहा वैदप्रकाश ने गोपीराम को सम्भाला और चूरू अस्पताल लेकर गए, जहां से गम्भीर चोटे होने की वजह से जयपुर एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां गम्भीर चोट होने की वजह से दौराने ईलाज गोपीराम की मृत्यु हो गई। उक्त घटना को लेकर तारानगर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस ने अनुसंधान कर ट्रेलर चालक के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। मृतक गोपीराम की ओर से उसके पिता हिरालाल व माता निर्मला ने न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की। पीठासीन अधिकारी दीपक पारासर ने लोक अदालत की भावना से कुल 47 लाख रूपये का अवार्ड पारित कर अदा करने का आदेश प्रदान किया।

## ग्रीष्मकाल में नई ट्रेनों के संचालन की मांग

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य अनिरूद्ध दायमा ने डीआरएम डॉ आशीष कुमार को पत्र लिखकर ग्रीष्मकालीन समय में नई गाड़ियों के संचालन की मांग की है। दायमा ने प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है कि बीकानेर से शेखावाटी होते हुए कोई भी नियमित ट्रेन पूर्वोत्तर की ओर नहीं है। ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में प्रवासियों का आवागमन बहुत होता है और क्षेत्र से भी बहुत लोग बाहर जाते हैं। ऐसे में नियमित ट्रेन का संचालन होने से रेलवे की आय बढ़ेगी और क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। बीकानेर, रतनगढ़, चूरू व जयपुर होते हुए बंगाल व असम जाना भी आसान होगा। समिति के सदस्य अनिरूद्ध ने 24 मार्च तक संचालित होने वाली बीकानेर से गुवाहाटी के लिए एक ट्रेन संचालित करने पर डीआरएम का आभार प्रकट किया। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि प्रमुख मुख्य परिचालक प्रबंधक मदन देवड़ा व मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक सुनील गुप्ता को भी प्रेषित की है।

## रोजा इफ्तार की दावत दी

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शहर के निकटवर्ती कस्बें रतननगर में देपालसर रोड़ पर मंगलवार को मोहम्मद ईसाक मनिहार की ओर से रोजेदारों को रोजा इफ्तार की दावत दी गई। इस दौरान रतननगर शहर काजी रमजान ने देश प्रदेश की खुशहाली और तरक्की की कामना की। इस अवसर पर सदर सलीम खिलजी, अनवर चौहान, मौलाना अब्बास, इसाक मास्टर, मुमताज अजहरुद्दीन, मिंटू, एडवोकेट अख्तर रसूल, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मकसूद खान, लियाकत, अख्तर मुगल, शमशेर, साबिर शमसुद्दीन, महबूब, मो. अली, मुबारिक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
19 मार्च, 2025

## अनियंत्रित कार पलटी, एक की मौत, तीन घायल

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में एन एच 11 बाबा होटल के पास अनियंत्रित होकर कार पलटने से एक की मौत हो गई जबकि कार में सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर राजलदेसर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार कैन्हयालाल पुत्र बाबूलाल ने रिपोर्ट दी है कि मेरा चचेरा भाई सहित मोहल्ले के तीन अन्य बीकानेर से वापस पड़िहारा आ रहे थे। राजलदेसर एनएच 11 पर बाबा होटल के पास कार का टायर फटने से अनियंत्रित होकर कार पलट गई। जिसमे पवन कुमार पुत्र दुर्गा राम उम्र 27 निवासी पड़िहारा की मौके पर मौत हो गई। जिन्हें राजलदेसर राजकीय चिकित्सा लाया गया। दो गम्भीर घायलों प्राथमिक उपचार कर हायर सेन्टर रैफर कर दिया। मृतक का शव मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।



## शत प्रतिशत व्यक्तियों का पंजीकरण सुनिश्चित करें एसडीएम वर्मा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) ओमप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में उपखण्ड कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा ने निर्वाचन विभाग, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूचियों की गुणवता व इसमें शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर राजनीतिक दलों की ओर से बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) की नियुक्ति किए जाने के की अपील की। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि मतदाता सूची में महिला शक्ति के नाम पूरे जुड़वाए, ताकि जेंडर विषमता को कम करने में सहायता मिले। उन्होंने कहा कि राजनीति दलों के बीएलए सक्रिय रूप से भूमिका निभाएं, ताकि प्रत्येक व्यक्ति की ओर से मताधिकार का प्रयोग किया जाना सुनिश्चित हो सके। इस दौरान तहसीलदार राजू देवी बुनकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार तोदी, सीपीआईएम से रामनारायण रूलाणिया, एड.रामकुमार मेघवाल, सीपीआईएम से तेजपाल गोदारा, आरएलपी से बनवारी गुरू, पुरूषोतम लाल चौहान आदि उपस्थित रहे।

## प्रॉपर्टी व्यवसायी से रंगदारी मांगने के आरोपी की पुलिस ने कराई परेड



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** एक प्रॉपर्टी और बिल्डिंग मेटेरियल व्यवसायी, चूरू में रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने रोहित गोदारा गैंग के सदस्य शाहरुख उर्फ भादर को जंजीरों में कैद कर शहर के मुख्य बाजार में पैदल जुलूस निकाला। थानाधिकारी सुखराम चोटिया के नेतृत्व में पुलिस ने गांगियासर निवासी 22 वर्षीय शाहरुख को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया। मामला 7 जनवरी 2025 का है, जब एक व्यवसायी ने रोहित गोदारा, अरशद खान, मिकी पीथीसर, फरियाद दिलावरखानी, शाहरुख और आदिल झारिया के खिलाफ रंगदारी का केस दर्ज करवाया था। पुलिस ने अब तक मिक्की पिथीसर, आदिल झारीया, शाहरुख और अरशद खान को गिरफ्तार कर लिया है। शाहरुख को तीन दिन पहले भादरा के एक बॉयज हॉस्टल से पकड़ा गया। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए फर्जी पहचान से रह रहा था। तीन दिन की पुलिस रिमांड के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई आम लोगों में विश्वास बढ़ाने और अपराधियों में भय पैदा करने के लिए की गई है।

## सात दिवसीय भागवत कथा आज से होगी शुरू

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** गाँव गुडावड़ी में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन आज से शुरू होगा। आयोजन समिति करने वाले श्याम व कराने वाले श्याम के सदस्यों ने बताया कि श्याम मंदिर में 19 मार्च बुधवार से 25 मार्च तक श्री मद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बुद्धगिरी मढ़ी के महंत दिनेशगिरी महाराज कथा का वाचन दोपहर सवा 12 बजे से सवा तीन बजे तक करेंगे। कथा को लेकर तैयारियां पूर्ण की कर दी गई है। जिसमें आस पास के गाँवों से बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे। कथा से पहले सालासर बालाजी मंदिर से श्री श्याम मंदिर गुड़ावड़ी तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भाग लेगी। इसके अलावा राम दरबार सहित अलग अलग प्रकार की झाँकिया निकाली गाजे बाजे के साथ निकाली जाएगी व साथ ही कथावाचक महंत दिनेशगिरी महाराज का रथ में सवार का भव्य स्वागत किया जाएगा। कथा को लेकर श्याम मंदिर को भव्य रंग बिरंगी दूधिया रोशनी से सजाया गया।



# राइजिंग राजस्थान एमओयू होल्डर्स को प्रत्यक्ष ही मिलेंगे रीको औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक भूखण्ड

जयपुर टाइम्स

**चूरू/जयपुर(कासं.)।** राइजिंग राजस्थान एमओयू होल्डर्स को रीको औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक भूखण्ड प्रत्यक्ष ही मिलेंगे। चूरू रीको इकाई प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि ''राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024'' के संदर्भ में राज्य सरकार के साथ एमओयू निष्पादित करने वाले निवेशकों के लिए रीको की ओर से चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड के आरक्षित मूल्य पर औद्योगिक भूखंडों के प्रत्यक्ष आवंटन योजना जारी कर दी गई है। ?से उद्यमी, जिन्होंने इस पॉलिसी के लागू होने की तिथि तक राज्य सरकार के साथ निवेश के लिए मैमोरेण्डम ऑफ अंडरस्टेडिंग (एमओयू) निष्पादित किया हो, वे इस योजना में आवेदन कर सकते हैं तथा ऑनलाइन आवेदन वाली दिनांक को, जिनकी राजस्थान के राजनिवेश पोर्टल पर भूमि आवंटन से संबंधित प्रार्थना लम्बित है। उन्होंने बताया कि योग्य आवेदक रीको की वेबसाईट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना में 98 औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 6936 औद्योगिक भूखण्ड आवंटन के लिए उपलब्ध हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च, 2025 है और ई-लॉटरी 3 अप्रैल, 2025 को प्रस्तावित है।

### यह रहेगी आवंटन की प्रक्रिया

चूरू रीको इकाई प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि 50,000 वर्गमीटर तक एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने पर सीधा आवंटन और एक से अधिक आवेदक होने की दशा में ई-लॉटरी के माध्यम से सफल आवेदक को आवंटन किया जाएगा। इसी क्रम में 50,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल से अधिक/विशेष औद्योगिक क्षेत्रों/पार्क आवेदक की पात्रता. भूमि की आवश्यकता इत्यादि के गुणावगुण के आधार पर आवंटन किया जाएगा।

### यह रहेगी अमानत राशि (ईएमडी)

उन्होंने बताया कि भूखण्ड की कुल देय प्रीमियम राशि की 5 प्रतिशत राशि आवेदन के साथ ही ऑनलाईन जमा होगी। सफल आवेदक को भूखण्ड आवंटन के लिए आवेदन की स्वीकृति के प्रस्ताव पत्र (ऑफर लेटर) जारी होने के 30 दिनों के अंतर्गत कुल प्रीमियम राशि की 01 प्रतिशत धरोहर राशि तथा प्रीमियम राशि की 25 प्रतिशत राशि जमा करवाया जाना वांछित है।

### *यह रहेगी भूखण्ड आवंटन की विशेष शर्तें*

*यशपाल सिंह ने बताया कि ऐसे प्रोजेक्ट जिनको स्थापित करने के लिए पर्यावरण स्वीकृति आवश्यक नहीं है, उन आवंटियों को आवंटित भूखण्ड का कब्जा देने की तिथि अथवा डीम्ड कब्जा से 02 वर्ष में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ करना होगा और ऐसे प्रोजेक्ट, जिनको पर्यावरण स्वीकृति आवश्यक है। उनके लिए यह अवधि 03 वर्ष होगी। आवंटी को आवंटित भूखण्ड पर उत्पादन शुरू करने से पहले मध्यवर्ती अनुक्रमों का पालन करना आवश्यक होगा। इकाई को वाणिज्यिक उत्पादन में माने जाने के लिए भूखण्ड के क्षेत्रफल का न्यूनतम 30 प्रतिशत अथवा अनुज्ञेय का न्यूनतम 30 प्रतिशत के समतुल्य निर्मित होना व भूखण्ड आवंटन के आवेदन के समय प्रस्तुत प्रोजेक्ट रिपोर्ट में वर्णित मदों में से भवन निर्माण, प्लान्ट व मशीनरी के मद में दर्शायी गई राशि का 75 प्रतिशत राशि का उत्पादन के समय स्थायी रूप से निवेश उपरोक्त मदों में निर्धारित / विस्तारित समयावधि में निवेश आवश्यक होगा। आवंटित भूखण्ड में रिक्त / अनुपयोगी भूमि का हस्तान्तरण अनुज्ञेय नहीं होगा। आवंटित भूखण्ड का उप-विभाजन अनुज्ञेय नहीं होगा। आवंटी की ओर से आवंटित भूखण्ड को रीको को समर्पित करने की दशा में, आवंटी की ओर से जमा की गई भूमि की प्रीमियत राशि की 5 प्रतिशत राशि के समतुल्य व अन्य देय शुल्कों की कटौती की जाएगी व शेष राशि वापिस की जाएगी। आवंटित भूखण्ड का निरस्तीकरण करने की दशा में आवंटी की ओर से जमा की गई भूमि की प्रीमियम की राशि से 10 प्रतिशत राशि की कटौती की जाएगी।*

### राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024

राज्य सरकार की ओर से राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 का आयोजन 9-11 दिसंबर 2024 को किया गया था। समिट में करीब 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू निष्पादित किए गए। समिट में 32 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए जिनमें डेनमार्क, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, मलेशिया, स्पेन, क्यूबा, वेनेजुएला, मोरक्को, अर्जेंटीना, ब्राजील, कोस्टा रिका. नेपाल, ओमान, पोलैंड और थाईलैंड शामिल रहे। राइजिंग राजस्थान - 2024 के समापन समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा था कि राज्य सरकार राइजिंग समिट में हुए एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए पूरी शक्ति के तहत काम करेगी और इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए औद्योगिक क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहन देने 6 तक लिए प्रत्यक्ष भूखण्ड आवंटन योजना लाई गई है और 11 दिसंबर, 2025 को इन सभी एमओयू जमीन पर उतरने की कार्यवाही की समीक्षा कर जनता के सामने लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि असीम संभावनाओं से भरपूर राजस्थान में उद्यमिता व विकास के शिखर को छूने की क्षमता है। राजस्थान नवाचार व निवेश आकर्षण के एक नए केंद्र के रूप में उभर रहा है।

### यह रहेगी योजना की अवधि

प्रत्यक्ष आवंटन योजना की वैद्यता 30 जून, 2025 तक रहेगी। इस अवधि में ''राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024'' के संदर्भ में राज्य सरकार के साथ पॉलिसी जारी होने की तिथि तक निष्पादित एमओयू वाले प्रकरणों को प्रत्यक्ष आवंटन प्रणाली के तहत सम्मिलित कर योजना की प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने राइजिंग राजस्थान समिट में राजस्थान में निवेश करने में रूचि रखने वाले उद्यमियों को औद्योगिक इकाई लगाने के लिए आमंत्रित किया था, जिसके फलस्वरूप विभिन्न मध्यम एवं लघु उद्योगों से जुड़े उद्यमियों ने भी राज्य सरकार के साथ एमओयू किए। एमओयू के पश्चात् रीको की ओर से भूमि आवंटन से लेकर परियोजना की शुरूआत तक, सभी प्रक्रियाओं में इन निवेशकों की हर संभव मदद की है। इसी क्रम में रीको द्वारा उद्यमियों को राजस्थान में निवेश करने व परिस्थितियों को अधिक से अधिक सुविधाजनक व निवेश अनुकूल बनाने के ध्येय सहित इस प्रत्यक्ष आवंटन प्रणाली को प्रारम्भ किया गया, जिससे निस्संदेह राजस्थान में निवेश को गति मिलेगी।

## स्टेडियम खाली कराने की मांग, खेल प्रेमियों ने नगरपरिषद में किया धरना प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय पहुंचकर खेल प्रेमियो ने धरना, प्रदर्शन किया। खेल प्रेमी राजा खान ने बताया कि 10 अप्रैल से एन के लोहिया स्टेडियम में सद्भावना कप क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू होनी है, इसी दौरान कमर्शियल मेले के आयोजन की परमिशन 15 अप्रैल तक दे दी गई है। अतः हमारी मांग है कि स्टेडियम को 5 अप्रैल तक खाली करवाया जाए, ताकि क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू हो सके। इसी मांग को लेकर नगरपरिषद पर नारेबाजी करते हुए युवाओं ने प्रदर्शन किया। वहीं मौके पर आयुक्त नहीं मिलने के कारण युवा खेल प्रेमी नगरपरिषद में ही धरने पर बैठ गए। करीब साढ़े चार बजे धरना शुरू हुआ। इस दौरान नगरपरिषद प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बता दें कि एन के लोहिया स्टेडियम में कॉमर्शियल मेलों का आयोजन किए जाने के दौरान यहां पर खेलों का आयोजन बाधित रहता है, जिसके कारण खेल प्रेमियों को निराशा का सामना करना पड़ता है। भाजपा नेता एडवोकेट मनीष दाधीच ने बताया कि जब कभी खेलों के आयोजन की बात आती है, तो स्टेडियम में मेला लगाकर खेलों को बाधित किया जाता है। इसलिए हमारी सीधी चेतावनी है कि 5 अप्रेल तक स्टेडियम खाली करवाने की व्यवस्था नगरपरिषद करे। वहीं करीब साढ़े पांच बजे तक आयुक्त के नहीं आने पर सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल ने धरनार्थियों से वार्ता की, जिसके बाद इस बात पर सहमति बनी कि 5 अप्रेल तक खेल स्टेडियम खाली करवाने की व्यवस्था की जाएगी, ताकि खेल प्रतियोगिता का आयोजन आराम से हो सके। इस दौरान खेल प्रेमी राजा खान, विक्की चौहान, इरफान खान, रिछपाल बिजारणिया, अकरम गौरी, कमरूदीन दैया, इरफान टाक, आमिर गौरी, सरफराज पलदार, अमजद खान, साहिल गौरी, लालचंद लोढ़सर, सलीम, मुकेश सहित अनेक युवा खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## सूने मकानों में चोरी करने वाली गैंग का शातिर बदमाश गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय गैंग के शातिर चोर को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि 16 मार्च को वार्ड नं पांच निवासी श्रवण कुमार ब्राह्मण के बंद मकान में रात्रि के समय मकान का ताला तोड़कर नकदी रुपए सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी करने का मामला दर्ज हुआ था। जिस पर डीएसपी प्रहलाद राय के निर्देश पर टीम गठित कर बीदासर व आसपास के गांवों के सीसीटीवी कैमरे चेक किए। जिस पर सोमवार को तकनीकी और आमजन के सहयोग से जोधपुर निवासी आरोपी साहरुख उम्र 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मेरे साथी सद्दाम, नईम, उमरदीन जोधपुर के रहने वाले हैं। उमरदीन पिछले 6 सालों से अपना घर बनाकर सुजानगढ़ में निवास कर रहा है। अन्य साथी जयपुर में रिश्तेदारों के पास रहते हैं। उमरदीन दिन में सूने मकानों की रैकी करता है और रात्रि को सभी मिलकर चोरी करते हैं। बीकानेर, बीदासर, सांडवा, लाडनूं, रतनगढ़, जसवंतगढ़, नागौर आदि गांवों में चोरी की वारदात की गई है। वारदात करने के लिए चोरी की बाइक लेकर आते हैं और चोरी किए गए माल का सुजानगढ़ में उमरदीन के घर बंटवारा करते हैं उसके बाद जयपुर चले जाते हैं। थानाधिकारी यादव ने कहा कि गिरफ्तार मुलजिम साहरुख को न्यायालय में पेश कर दो दिनों का रिमांड लिया गया है, अन्य मुल्जिमों की तलाश की जा रही है।

## कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने निवारू विद्यालय में लगाई 'तीसरी आंख'

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। कैबिनेट मंत्री कर्नल राजवर्धन राठौड़ ने बेहतर शिक्षा के साथ सुरक्षा की भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने 1.99 लाख रुपए की लागत से MLA-LAD के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, निवारू, झोटवाड़ा में सीसीटीवी कैमरा लगवाए। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि इससे अब शिक्षा के साथ साथ सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई है। स्थानीय जनता, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने इसके लिए कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का आभार जताते हुए प्रशंसा की है।

## रोडवेज बसों का ठहराव नहीं किया तो ग्रामीण करेंगें आंदोलन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र के गांव हरियासर घड़सोतान में रोडवेज और लोक परिवहन बसों के न रुकने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने रोडवेज बस डिपो संचालक को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से बस स्टैंड पर सरकारी और लोक परिवहन की बसें नहीं रुक रही हैं। इससे गांव के विद्यार्थियों, महिलाओं और बुजुर्ग नागरिकों को यात्रा में काफी दिक्कतें आ रही हैं। ग्रामीणों ने इस मुद्दे को पहले भी कई बार मुख्य प्रबंधक के सामने उठाया था। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो हरियासर घड़सोतान बस स्टैंड पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे जयपुर से गंगानगर तक का यातायात प्रभावित होगा और सभी वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में धर्मवीर शर्मा, तिलोक सिंह, हेमंत शर्मा, मेघराज शर्मा और छोटू सिंह आदि शामिल रहे।

## व्यवसाय विविधीकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** दी चूरू सेंट्रल को- ऑपरेटिव बैंक के प्रधान कार्यालय में मंगलवार को प्राथमिक कृषि साख समितियों के व्यवस्थापकों के लिए राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ को-ऑपरेटिव एजुकेशन एंड मैनेजमेंट की ओर से व्यवसाय विविधीकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। सत्र संयोजक व राइसेम सहायक रजिस्ट्रार सुलोचना मीणा ने कहा कि व्यवसाय विविधीकरण से सहकारी समितियाँ आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में समितियों को पारंपरिक कृषि ऋण प्रदान करने के साथ-साथ अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में भी अपनी भागीदारी बढ़ानी होगी, जिससे उनकी आय बढ़े और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। मुख्य प्रबंधक सर्वेश वर्मा ने कहा कि समितियों के सफल संचालन के लिए पारदर्शिता, डिजीटल लेन-देन, नवाचार और कुशल वित्तीय प्रबंधन आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जो समितियां आधुनिक तकनीक और डिजीटल बैंकिंग को अपनाएंगी, वे अधिक लाभकारी सिद्ध होंगी। दी चूरू सेंट्रल को- ऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक मदनलाल ने सहकारी समितियों की आर्थिक सुदृढ़ता पर जोर देते हुए कहा कि समितियों को बदलते आर्थिक परिवेश के अनुरूप अपने कार्यों में विविधता लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं और अनुदानों का सही उपयोग कर समितियां अपनी सेवाओं का विस्तार कर सकती हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकती हैं। एमडी मदनलाल शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में 'सहकार से समृद्धि' व अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष को विशेष रूप से सम्मिलित किया गया। इसका उद्देश्य सहकारी समितियों को आधुनिक व्यवसायिक संभावनाओं की जानकारी देना, नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित करना, डिजीटल तकनीकों का समावेश करना और वित्तीय प्रबंधन को सुदृढ़ बनाना था। कार्यशाला में सहकारी समितियों को पारंपरिक कार्यप्रणाली से आगे बढ़कर विविध व्यवसायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में चर्चा के दौरान बताया कि समितियां कृषि आधारित उद्योगों, जैविक खेती, डेयरी, पशुपालन, उपभोक्ता सेवा केंद्र, खुदरा व्यापार, जैविक उत्पादों के विपणन व अन्य संभावित व्यवसायों को अपना सकती हैं। इससे उनकी आय में वृद्धि होगी और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी। सहकारी समितियाँ सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकती हैं। इसके साथ ही, डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन भुगतान प्रणाली और आधुनिक तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया, जिससे समितियां अधिक कुशलता से कार्य कर सकें। कार्यशाला में बताया कि सहकारी समितियों के व्यवसायिक विस्तार से ग्रामीण रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे, जिससे गांवों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। समितियां कृषि आधारित स्टार्टअप्स, जैविक उत्पाद निर्माण, ग्रामीण पर्यटन व खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित कर सकती हैं, जिससे किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को नए अवसर मिलेंगे। सहकारी समितियों को बीबीएसएसएल (भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड), एनसीईएल(राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड) और एनसीओएल (नेशनल को-ऑपरेटिव ऑर्गेनिक लिमिटेड) की सदस्यता लेने की प्रक्रिया का भी प्रशिक्षण दिया गया। उपस्थित व्यवस्थापकों ने सहकारी समितियों के सशक्तिकरण व सतत विकास का संकल्प लिया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।